दैनिक

# नज़रिया ख़बर

*भारत सरकार के डीएवीपी व राज्य सरकार द्वारा विज्ञापन के लिए मान्यता प्राप्त*

RNI:UTTHIN/2008/25052

वर्ष:17 | अंक: 357 | देहरादून, गुरुवार 26 जून, 2025 | पृष्ठ:08 | मूल्य:1/रु. प्रति




पेज-04

## न्यूज डायरी

### उप राष्ट्रपति तीन दिवसीय उत्तराखंड भ्रमण पर हल्द्वानी पहुंचे



**हल्द्वानी।** देश के उप राष्ट्रपति जगदीप धनखड़ तीन दिवसीय उत्तराखण्ड भ्रमण पर हल्द्वानी पंहुचे। हल्द्वानी आर्मी हैलीपेड पर राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) ने उनका स्वागत और अभिनंदन किया। इसके अलावा बतौर मुख्यमंत्री उत्तराखंड के प्रतिनिधि कैबिनेट मंत्री रेखा आर्या, सांसद अजय भट्ट,मेयर हल्द्वानी गजराज बिष्ट, उपाध्यक्ष वन एवं पर्यावरण सलाहकार समिति उत्तराखंड दीपक महरा व मुख्य सचिव के प्रतिनिधि आयुक्त कुमाऊ दीपक रावत, जिलाधिकारी वंदना ,वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक प्रहलाद नारायण मीणा ने हल्द्वानी हेलीपैड पर उप राष्ट्रपति का स्वागत किया।

### दो वाहनों की टक्कर के बाद हाईवे पर लगा जाम

**हरिद्वार।** शहर के श्यामपुर थाना क्षेत्र में दो ट्राला वाहनों के बीच टक्कर होने से दोनों वाहन बीच सड़क पर ही पलट गए। हादसे के कारण हाईवे पर पूरी तरह से जाम लग गया। जिस जगह पर दुर्घटना हुई वहां पर एलिफेंट कॉरिडोर का काम चल रहा है और मार्ग काफी संकरा है। जिस कारण एक्सीडेंट होने के बाद मार्ग पूरी तरह से बाधित हो गया और ट्रैफिक का आवगमन पूरी तरह से ठप हो गया। एसपी सिटी पंकज गैरोला के मुताबिक, देर रात दो ट्राला वाहनों में रसियाबढ़ में टक्कर हुई थी, जिसके बाद से रास्ता बंद हो गया था। घटना जानकारी पुलिस को मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने बुधवार सुबह दोनों वाहनों को हाईवे से हटाया और ट्रैफिक को शुरू कराया। अब हाईवे पर ट्रैफिक सुचारू है।

# आपातकाल लागू करना लोकतंत्र को नष्ट करने के लिए भूकंप से कम नहीं था : उपराष्ट्रपति

**नैनीताल (नजरिया खबर ब्यूरो)।** उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने कहा, "पचास वर्ष पहले, इसी दिन, विश्व का सबसे पुराना, सबसे बड़ा और अब सबसे जीवंत लोकतंत्र एक गंभीर संकट से गुजरा। यह संकट अप्रत्याशित था कृ जैसे कि लोकतंत्र को नष्ट कर देने वाला एक भूकंप। यह था आपातकाल का थोपना। वह रात अंधेरी थी, कैबिनेट को किनारे कर दिया गया था। उस समय की प्रधानमंत्री, जो उच्च न्यायालय के एक प्रतिकूल निर्णय का सामना कर रही थीं, ने पूरे राष्ट्र की उपेक्षा कर, व्यक्तिगत हित के लिए निर्णय लिया। राष्ट्रपति ने संवैधानिक मूल्यों को कुचलते हुए आपातकाल की घोषणा पर हस्ताक्षर कर दिए। इसके बाद जो 21दृ 22 महीनों का कालखंड आया, वह लोकतंत्र के लिए अत्यंत अशांत और अकल्पनीय था। यह हमारे लोकतंत्र का सबसे अंधकारमय काल था।"

कुमाऊँ विश्वविद्यालय, नैनीताल, उत्तराखंड में स्वर्ण जयंती समारोह के मुख्य अतिथि के रूप में छात्रों और संकाय सदस्यों को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा, "एक लाख चालीस हजार लोगों को जेलों में डाल दिया गया। उन्हें न्याय प्रणाली तक कोई पहुँच नहीं मिली। वे अपने मौलिक अधिकारों की रक्षा नहीं कर सके। नौ उच्च न्यायालयों ने साहस दिखाया और कहा कृ आपातकाल हो या न हो कृ मौलिक अधिकार स्थगित नहीं किए जा सकते। हर नागरिक के पास न्यायिक हस्तक्षेप के जरिए अपने अधिकारों को प्राप्त करने का अधिकार है। दुर्भाग्यवश, सर्वोच्च न्यायालय कृ देश की सर्वोच्च अदालत कृ धूमिल हो गई। उसने नौ उच्च न्यायालयों के निर्णयों को पलट दिया। उसने दो बातें तय की कृ



**विश्वविद्यालयों का दायित्व युवाओं को केवल शिक्षित करना नहीं, बल्कि उन्हें प्रेरित, प्रशिक्षित और उत्तरदायी नागरिक के रूप में तैयार करना भी है: राज्यपाल**

आपातकाल की घोषणा कार्यपालिका का निर्णय है, यह न्यायिक समीक्षा के अधीन नहीं है। और यह भी कि आपातकाल की अवधि भी कार्यपालिका ही तय करेगी। साथ ही, नागरिकों के पास आपातकाल के दौरान कोई मौलिक अधिकार नहीं होंगे। यह जनता के लिए एक बड़ा झटका था।

'संविधान हत्या दिवस' के महत्व को रेखांकित करते हुए उन्होंने कहा, "युवाओं को इस पर चिंतन करना चाहिए क्योंकि जब तक वे इसके बारे में जानेंगे नहीं, समझेंगे नहीं। क्या हुआ था प्रेस के साथ? किन लोगों को जेल में डाला गया? वे बाद में इस देश के प्रधानमंत्री और राष्ट्रपति बने। यही कारण है कि युवाओं को जागरूक बनाना जरूरी है... आप लोकतंत्र और शासन व्यवस्था में सबसे महत्वपूर्ण भागीदार हैं। आप इस बात को भूल नहीं सकते, और न ही इस अंधकारमय कालखंड से अनभिज्ञ रह सकते हैं। बहुत सोच–समझकर, आज की सरकार ने तय किया कि इस दिन को 'संविधान हत्या दिवस' के रूप में मनाया जाएगा। यह एक ऐसा उत्सव होगा जो सुनिश्चित करेगा कि ऐसा फिर कभी न हो।

आप जानते हैं, आपके साथियों के साथ बिताया गया समय आपके सोचने के तरीके को परिभाषित करता है। ये स्थान वह परिवर्तन उत्पन्न करने के लिए हैं जिसकी आवश्यकता है, जो परिवर्तन आप चाहते हैं, जो राष्ट्र आप चाहते हैं। ये विचार और नवाचार के स्वाभाविक जैविक स्थल हैं। विचार आते हैं, लेकिन विचारों पर विचार होना भी जरूरी है। अगर कोई विचार असफलता के डर से आता है, तो आप उसमें नवाचार या प्रयोग नहीं करते। तब हमारी प्रगति रुक जाती है। ये वे स्थान हैं जहाँ दुनिया हमारे युवाओं से ईर्ष्या करती है कृ उनके पास न केवल अपना भविष्य गढ़ने का अवसर है, बल्कि भारत की नियति गढ़ने का भी।

शेष खबर पेज आठ पर देखे

# उत्तराखंड विशेष शिक्षा शिक्षक सेवा नियमावली को मिली मंजूरी, धामी कैबिनेट की बैठक में 4 प्रस्तावों पर लगी मोहर खत्म

**देहरादून (नजरिया खबर ब्यूरो)।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी की अध्यक्षता में बुधवार को हुई मंत्रिमंडल की बैठक आयोजित की गई। कैबिनेट की बैठक करीब पौने दो घंटे चली। मंत्रिमंडल की बैठक के दौरान कुल चार प्रस्तावों पर सहमति बनी है।

पिछले 20 दिन में धामी कैबिनेट की ये चौथी बैठक है राज्य में लगातार हो रही बैठकों के लोगो के अलग अलग कयास लगाए जा रहे है लेकिन मुख्यमंत्री प्रदेश विकास व लोगों के हित में लगतार महत्तवपूर्ण निर्णय ले रहे हैं। कैबिनेट बैठक के दौरान आगामी मानसून सत्र को लेकर कैबिनेट में चर्चा की गयी। मानसून सत्र की तिथि और स्थान के निर्धारण को लेकर मंत्रिमंडल ने मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी को अधिकृत



किया है। ऐसे में मानसून सत्र कब और कहां आहूत होगा इसका निर्णय सीएम लेंगे। कैबिनेट ने चार प्रस्तावों पर लगाई मुहर लगाई है। कैबिनेट में लिए गए निर्णय के अनुसार उत्तराखंड विशेष शिक्षा शिक्षक सेवा नियमावली 2025 को मंजूरी मिली है। स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) तृतीय चरण के शुरु होने की दशा में इस कार्यक्रम को लागू करने के लिए पंचायती राज विभाग को अधिकृत किया गया। 1 अप्रैल 2026 से पंचायती राज विभाग को अधिकृत करने का निर्णय लिया गया।

उत्तराखंड की पंचम विधानसभा के साल 2025 का मानसून कालीन द्वितीय सत्र आहूत किया जाने को मंजूरी कैबिनेट ने दी है। कैबिनेट बैठक के दौरान निर्णय लिया गया कि मानसूनसत्र के लिए स्थान और तिथि निर्धारण सीएम धामी करेंगे जिसके लिए उनको अधिकृत किया है। एकल सदस्य समर्पित आयोग की तृतीय रिपोर्ट का अध्ययन कर सुझाव प्रस्तुत किए जाने के लिए गठित मंत्रिमंडलीय उप समिति के सुझावों और संस्तुतियों को मंत्रिमंडल के सम्मुख रखा गया। जिस पर मंत्री मंडल ने चर्चा की।

कैबिनेट ने महत्वपूर्ण फैसले में शिक्षा विभाग के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है। दरअसल, सुप्रीम कोर्ट ने 7 मार्च 2025 को विशेष शिक्षा शिक्षकों की भर्ती का आदेश दिया था। जिसके बाद शासन ने 20 मार्च 2025 को 135 विशेष शिक्षा शिक्षकों के पदों का सृजन किया था। ऐसे में विशेष शिक्षा शिक्षकों के सृजित 135 पदों पर भर्ती के लिए उत्तराखंड विशेष शिक्षा शिक्षक सेवा नियमावली, 2025 में संशोधन किया गया। जिसके बाद मंत्रिमंडल की बैठक में उत्तराखंड विशेष शिक्षा शिक्षक सेवा नियमावली, 2025 को प्रख्यापित करने को मंजूरी दे दी है।

26 June 2025_Copy of Layout 1 6/26/2025 12:43 PM Page 2



# संपादकीय

## योगी ने कांवड़ यात्रा और मुहर्रम पर्व पर जारी किए निर्देश

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आगामी त्योहारों के मद्देनजर सुदृढ़ कानून–व्यवस्था, सौहार्दपूर्ण वातावरण और जनसुविधाओं की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करने हेतु बुधवार देर शाम शासन स्तर के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ एक उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक की। बैठक में राज्यभर के सभी पुलिस आयुक्तों, संभागीय आयुक्तों, जिलाधिकारियों और वरिष्ठ पुलिस अधीक्षकों के साथ व्यापक चर्चा की गई। मुख्यमंत्री ने स्पष्ट निर्देश दिए कि सभी धार्मिक आयोजन श्रद्धा, सुरक्षा और सामाजिक सद्भाव के साथ आयोजित किए जाएं तथा प्रशासनिक तंत्र पूरी संवेदनशीलता और सतर्कता के साथ काम करे। एक बयान के मुताबिक मुख्यमंत्री ने कहा कि आगामी 11 जुलाई से नौ अगस्त तक पवित्र श्रावण मास रहेगा जिसके दौरान कांवड़ यात्रा, श्रावण शिवरात्रि, नागपंचमी और रक्षाबंधन जैसे पर्व मनाए जाएंगे और इसी अवधि में 27 जून से आठ जुलाई तक जगन्नाथ रथ यात्रा तथा 27 जून से छह–सात जुलाई तक मुहर्रम के आयोजन संभावित हैं। मुख्यमंत्री ने निर्देशित किया, ''यह अवधि प्रदेश की कानून–व्यवस्था, चिकित्सा, स्वच्छता, शिक्षा और आपदा प्रबंधन के लिहाज से अत्यंत संवेदनशील है। अतः सभी संबंधित विभाग और जिला प्रशासन समन्वय के साथ जिम्मेदारीपूर्वक कार्य करें।'' उन्होंने कहा, ''यह यात्रा आस्था, अनुशासन और उल्लास का प्रतीक है। उत्तराखंड सीमा से सटे जनपदों सहित गाजियाबाद, मेरठ, बरेली, अयोध्या, प्रयागराज, काशी, बाराबंकी और बस्ती जैसे जिले विशेष सतर्कता बरतें। अंतरराज्यीय समन्वय निरंतर बना रहना चाहिए।'' मुख्यमंत्री ने कहा, ''यात्रा मार्ग पर डीजे, ढोल–ताशा और संगीत की ध्वनि निर्धारित मानकों के अनुरूप ही होनी चाहिए। कानफोड़ू आवाज, भड़काऊ नारे, और परंपरा से इतर रूट परिवर्तन किसी दशा में स्वीकार्य नहीं होंगे।'' उन्होंने सख्त लहजे में कहा कि किसी शोभायात्रा के लिए पेड़ काटना, झुग्गियां हटाना या गरीबों का आश्रय उजाड़ना कदापि स्वीकार्य नहीं होगा। मुख्यमंत्री ने यह भी स्पष्ट किया कि धार्मिक यात्राओं में अस्त्र–शस्त्र का प्रदर्शन और धार्मिक प्रतीकों का राजनीतिक उपयोग सौहार्द को खंडित करने वाले तत्व हैं, जिन पर पूरी सख्ती से रोक लगनी चाहिए।

# प्रदेश में बढ़ रहे महिला अपराधों में भाजपाइयों की संलिप्तता चिंता का विषय : ज्योति रौतेला

**देहरादून (नजरिया खबर ब्यूरो)।** उत्तराखंड महिला कांग्रेस अध्यक्ष ज्योति रौतेला ने कहा कि जिस तरह से महिला अपराधों के मामले में उत्तराखण्ड भाजपा के विधायकों व पदाधिकारियों की संलिप्तता सामने आ रही है। वो काफी शर्मनाक है। उन्होंने उत्तराखण्ड में बढ रहे महिला अपराधों पर अपनी चिंता प्रकट करते हुए प्रदेश की भाजपा सरकार की कार्यशैली पर कई सवाल खड़े किए।




पत्रकार वार्ता के दौरान कांग्रेस नेत्री ज्योति रौतेला व अन्य।

कांग्रेस भवन में आयोजित प्रेस वार्ता में ज्योति रौतेला ने कहा कि प्रदेश में महिला अपराधों के बढ़ते आंकड़ों से आज पूरा उत्तराखंड राज्य शर्मिंदा है। बेटियों की जमीन पर सत्ता और संरक्षण का ऐसा गठजोड़ सामने आया है, जो न केवल हमारी संवेदनशीलता को झकझोरता है, बल्कि पूरे राज्य के न्याय और नैतिक ढांचे पर सवाल खड़ा करता है। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी के शासन में राज्यभर में महिलाओं के साथ सामूहिक बलात्कार, हत्या और जघन्य अपराधों की बाढ़ सी आई है। उत्तराखण्ड राज्य में औसतन प्रति माह एक बलात्कार और हत्या की घटना घटित हो रही है। ज्योति रौतेला ने कहा कि भाजपा की पूर्व महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष अनामिका शर्मा पर गंभीर आरोप हैं कि उन्होंने अपनी नाबालिग बेटी को अपने प्रेमी और उसकी साथी के साथ बार–बार दुष्कर्म के लिए मजबूर किया। पुलिस जांच में खुलासा हुआ कि यह घटनाएं हरिद्वार, आगरा, वृंदावन जैसे कई स्थानों पर हुईं। अनामिका शर्मा को अपने इस घृणित अपराधिक कृत्य के लिए जेल जाना पड़ा परन्तु इससे बडी शर्म की बात और क्या हो सकती है कि अनामिका शर्मा को योगा दिवस के अवसर पर सरकार की ओर से सम्मानित किया जाता है। इससे यह भी स्पष्ट हो गया है कि अनामिका शर्मा को जेल में वीआईपी सुविधायें दी जा रही हैं, यह बात अनामिका शर्मा की सोशल मीडिया में वायरल ऑडियो क्लिपंग से भी साबित हो गया है जिसकी जांच की जानी चाहिए। उन्होंने कहा कि भाजपा के पूर्व विधायक सुरेश राठौर द्वारा यूसीसी कानून की खुलेआम अवमानना ही नहीं की गई बल्कि महिला के सामाजिक सम्मान के साथ राजनीतिक खिलवाड़ किया गया जिस पर भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश नेतृत्व द्वारा महज "नोटिस" देने वाली कार्यवाही की गई, क्या यही भाजपा की पारिवारिक नैतिकता है?

# 51वें जी-7 शिखर सम्मेलन, कनाडा में भारत का आगाज़



## भारत भविष्य में जी-7 का सदस्य बन सकता है,क्योंकि भारत की आर्थिक,राजनीतिक, वैश्विक ताकत तेजी से बढ़ रही है।

**गोंदिया।** वैश्विक स्तरपर भारत की बढ़ती वैश्विक प्रतिष्ठा का डंका पूरी दुनियाँ में बज रहा है,जिसका सटीक उदाहरण अभी 17 जून 2025 को माननीय भारतीय पीएम द्वारा जी–7शिखर सम्मेलन के अंतिम दिन कनाडा पहुंचे व सम्मेलन अटेंड किया, हालांकि भारत इसका सदस्य नहीं है, फिर भी 2019 से लगातार एक विशिष्टता से आमंत्रित हो रहे हैं।सम्मेलन में भाग लेकर वैश्विक विकसित देशों से चर्चा कर विश्व को अपने अनुभव साझा कर रहा हैं,ताकि पूरी दुनियाँ की बेहतरीन के लिए बेहतर योगदान दिया जा सके।

आज हम इस विषय पर चर्चा इसलिए कर रहे हैं, क्योंकि हमारे पीएम को जी–7 में आमंत्रित किया गया जिससे हम उन सटीक अंदाज लगा सकते हैं कि, भारत की प्रतिष्ठा में दिन दूनी रात चौगुनी वृद्धि हुई है। मैं एडवोकेट किशन सनमुखदास भावनानीं गोंदिया महाराष्ट्र से आज दिन भर इलेक्ट्रॉनिक व सोशल मीडिया पर माननीय पीएम के कनाडा पहुंचने से लेकर अंत तक नजर गाड़ाए राखी। सम्मेलन के दौरान हर विकसित देश माननीय पीएम से मिलना चाहता था,भारत से नजदीकियां बनाए रखने के भाव बड़े–बड़े नेताओं में देखे जो रेखांकित करने वाली बात है। चूंकि भारत का 51 वें जी–7 शिखर सम्मेलन 15–17 जून 2025 कनाडा में भारत का आगाज हुआ इसलिए आज हम मीडिया में उपलब्ध जानकारी के सहयोग से इस आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे, भारत भविष्य में जी–7 का सदस्य बन सकता है,क्योंकि भारत आर्थिक, राजनीतिक, वैश्विक ताकत बनकर तेजी से बढ़ता चला जा रहा है।

साथियों बात अगर हम जी–7 सम्मेलन 2025 कनाडा के प्रमुख बिंदुओं और उद्देश्यों को समझने की करें तो, जी–7 देश भारत को एक ऐसे शक्तिशाली साझेदार के रूप में देखते हैं, जो इंडो–पैसिफिक क्षेत्र में चीन की आक्रामकता का जवाब दे सकता है. भारत क्वाड समूह (भारत, अमेरिका,जापान,औरऑस्ट्रेलिया) का हिस्सा है, जो चीन के प्रभाव को संतुलित करने में महत्वपूर्णहै,दरअसल 2019 से भारत के पीएम को दुनिया के अमीर देश अपनी बैठक में हर साल बुलाते हैं, यह भारत की वैश्विक स्थिति और रणनीतिक महत्व को दर्शाता है। अमेरिका के हडसन इंस्टीट्यूट द्वारा 14 मई, 2023 को प्रकाशित लेख, जिसका शीर्षक है इंडिया पे ऑलवेज इन्विटेड टू जी–7. व्हाई इज डैट सो इम्पोर्टेन्ट? ने भी भारत की दुनिया में बढ़ती ताकत और प्रासंगिकता को महसूस किया था,लेख में अनुमान लगाया गया है कि भारत भविष्य में जी–7 का औपचारिक सदस्य बन सकता है, क्योंकि उसका आर्थिक और रणनीतिक प्रभाव बढ़ रहा है।

जी–7 2025 के एजेंडा के प्रमुख बिंदुरू(1) वैश्विक आर्थिक स्थिरता और वृद्धि मुद्रास्फीति, आर्थिक मंदी की आशंका, वैश्विक व्यापार में असंतुलन, आपूर्ति श्रृंखला की सुरक्षा (2) ऊर्जा सुरक्षा और डिजिटल संक्रमणआर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, क्वांटम कंप्यूटिंग, क्रिटिकल मिनरल्स, नेट–जीरो लक्ष्यऊर्जा आत्मनिर्भरता के लिए नवीकरणीय स्रोतों और हरित हाइड्रोजन पर बल (3) शांति और सुरक्षा, इजराइल –ईरान संघर्ष, यूक्रेनदृरूस युद्ध, आतंकवाद उन्मूलन, साइबर सुरक्षा अंतरराष्ट्रीय मानवीय सहायता और शरणार्थियों के संरक्षण पर चर्चा, जी–7 देश भारत को एक ऐसे शक्तिशाली साझेदार के रूप में देखते हैं, जो इंडो–पैसिफिक क्षेत्र में चीन की आक्रामकता का जवाब दे सकता है। साथियों बात अगर हम भारत की बढ़ती भूमिका उपस्थित प्रतिष्ठा को समझने की करें तो,(1)भारत इस साल ही दुनिया की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बना हैतमाम वैश्विक संस्थाओं का मानना है कि भारत एक साल के अंदर ही तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था का खिताब पा सकता है, जी 7 देश, जो विश्व की सबसे उन्नत अर्थव्यवस्थाओं का समूह हैं, भारत को वैश्विक आपूर्ति श्रृंखलाओं (सप्लाई चेन) में एक महत्वपूर्ण खिलाड़ी मानते हैं, कनाडाई पीएम ने शिखर सम्मेलन में भारत को आमंत्रित करते हुए कहा कि भारत का होना आर्थिक और रणनीतिक चर्चाओं के लिए जरूरी है क्योंकि यह वैश्विक आपूर्ति श्रृंखलाओं के केंद्र में है (2)–जिओ पोलिटिकल महत्व, भारत विश्व की सबसे बड़ी आबादी वाला देश और एक उभरती हुई शक्ति है, जी–7 देश भारत को एक लोकतांत्रिक और जिम्मेदार शक्ति के रूप में देखते हैं, जो चीन और रूस जैसे अधिनायकवादी देशों के प्रभाव को संतुलित करने में मदद कर सकता है,भारत का इंडो– पैसिफिक क्षेत्र में रणनीतिक महत्व, खासकर चीन के बढ़ते प्रभाव के संदर्भ में, जी–7 के लिए महत्वपूर्ण है (3)–ग्लोबल साउथ का प्रतिनिधित्व–भारत को ग्लोबल साउथ का एक प्रमुख आवाज माना जाता है,जी 7 देश, जो मुख्य रूप से विकसित देश हैं, भारत जैसे उभरते देशों को शामिल करके वैश्विक मुद्दों पर व्यापक सहमति बनाना चाहते हैं,भारत की जी–20 अध्यक्षता (2023) ने इसे और मजबूत किया, जिससे जी7 को भारत की राय को नजरअंदाज करना मुश्किल हो गया, हडसन इंस्टिट्यूट के लेख में विदेश मंत्री एस. जयशंकर के 2022 के बयान का हवाला देते हुए लिखा गया कि यूरोप को यह मानसिकता छोड़नी होगी कि यूरोप की समस्याएँ विश्व की समस्याएं हैं, लेकिन विश्व की समस्याए यूरोप कीसमस्याएं नहीं हैं. भारत की जी–20 अध्यक्षता और वॉयस ऑफ ग्लोबल साउथ सम्मेलन (2023) ने इसे ग्लोबल साउथ के हितों को जी–7 जैसे मंचों पर उठाने में सक्षम बनाया है। (4) वैश्विक चुनौतियों में योगदान––जी–7 शिखर सम्मेलन में जलवायु परिवर्तन, डिजिटल परिवर्तन, ऊर्जा सुरक्षा, और अंतरराष्ट्रीय शांति जैसे मुद्दों पर चर्चा होती है।

अतः अगर हम पूरे विवरण का अध्ययन कर इसका विश्लेषण करें तो हम पाएंगे कि 51वें जी–7 शिखर सम्मेलन 15–17 जून 2025 कनाडा में भारत का आगाज भारत भविष्य में जी–7 का सदस्य बन सकता है,क्योंकि भारत की आर्थिक, राजनीतिक, वैश्विक ताकत तेजी से बढ़ रही है।भारत की वैश्विक भूमिका– चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था वैश्विक चुनौतियों में योगदान, जियो पोलिटिकल महत्व सहित अनेको वैश्विक उपलब्धियों से प्रतिष्ठा बढ़ी।

लेखक – कर विशेषज्ञ स्तंभकार
एडवोकेट किशन सनमुखदास
भावनानीं गोंदिया महाराष्ट्र

# सीएम ने लोकतंत्र सेनानियों के मुद्दों को निस्तारण के लिए शासन स्तर पर नोडल अधिकारी नामित करने के दिए निर्देश

## सीएम धामी ने अधिकारियो को लोकतंत्र सेनानियों की समस्याओं के शीघ्र निस्तारण के लिए कहा

**देहरादून (नजरिया खबर ब्यूरो)।** सीएम धामी ने लोकतंत्र सेनानियों की मुद्दों के तत्परता से निस्तारण के लिए शासन स्तर पर नोडल अधिकारी नामित करने के निर्देश दिए। उन्होंने निर्देश दिए कि लोकतंत्र सेनानियों के कल्याण व हित में मानसून सत्र में अधिनियम लाने की तैयारी की जाए।

मुख्यमंत्री ने लोकतंत्र सेनानी सम्मान निधि की प्रक्रिया सरल बनाने के निर्देश दिए है। उन्होंने अधिकारियों को लोकतंत्र सेनानियों की समस्याओं के शीघ्र निस्तारण के लिए कहा। सीएम ने संबंधित सचिव को लोकतंत्र सेनानियों को तत्काल प्रमाण पत्र उपलब्ध कराने के निर्देश दिए है। सीएम धामी ने कहा कि हमारी सरकार ने लोकतंत्र सेनानियों को प्रतिमाह मिलने वाली सम्मान निधि को बढ़ाने का फैसला लिया था, जिसे आने वाले समय में और बढ़ाया जाएगा। हमारी सरकार लोकतंत्र सेनानियों की प्रत्येक समस्या के समाधान हेतु पूर्णतः प्रतिबद्ध है। हम राष्ट्र के प्रति आपके



लोकतंत्र सेनानियों को सम्मानित करते सीएम।

अतुलनीय योगदान को जन–जन तक पहुंचाने हेतु प्रतिवर्ष लोकतंत्र सेनानियों का सम्मान कार्यक्रम आयोजित करते रहेंगे। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने आपातकाल लगाए जाने के 50 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर आयोजित संविधान हत्या दिवस 2025 पर मुख्यमंत्री आवास में लोकतंत्र सेनानियों व उनके परिवारजनों का स्वागत एवं अभिनंदन किया। मुख्यमंत्री श्री धामी ने आपातकाल में मीसा एवं डीआईआर बंदियों के साथ संवाद किया।

समस्त लोकतंत्र सेनानियों को नमन करते हुए मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि जिन्होंने आपातकाल के अंधकारमय कालखण्ड में भारत के लोकतांत्रिक मूल्यों की रक्षा हेतु अपना सर्वस्व अर्पण कर दिया, उन्हें सम्मानित करना अत्यंत गौरव का अवसर है। लोकतंत्र सेनानियों ने जेलों की काल कोठरियों में रहकर भी लोकतंत्र के दीप को बुझने नहीं दिया। यह लोकतंत्र प्रहरियों के तप, त्याग और अटूट संकल्प का ही परिणाम है, जिसके कारण भारत के प्रत्येक नागरिक के मन में लोकतंत्र के प्रति एकनिष्ठ आस्था विद्यमान है।

आपातकाल संविधान की आत्मा को कुचलने का प्रयासः मुख्यमंत्री ने कहा कि भारतीय लोकतंत्र के इतिहास में 25 जून 1975 का दिन हमेशा एक काले अध्याय के रूप में याद किया जाएगा। 50 वर्ष पूर्व इसी दिन देश पर आपातकाल थोपा गया था और संविधान की आत्मा को कुचलने का प्रयास किया गया था। और यह सब एक व्यक्ति की हठधर्मिता और तानाशाही रवैए का परिणाम था। मुख्यमंत्री ने कहा कि आपातकाल के दौरान लोकनायक जयप्रकाश नारायण, श्रद्धेय नानाजी देशमुख और श्रद्धेय अटल बिहारी वाजपेयी जैसे महान नेताओं ने जेलों में रहते हुए भी लोकतंत्र के प्रति युवाओं में चेतना जाग्रत करने का कार्य किया। सत्ता के दमन का प्रतिकार करते हुए देशभर के विश्वविद्यालयों और कॉलेजों के छात्र–छात्राओं ने तानाशाही के विरुद्ध सड़कों पर उतरकर लोकतंत्र के पक्ष में जनजागरण प्रारंभ कर दिया। दिल्ली, बनारस, इलाहाबाद, पटना, जयपुर, पुणे, बेंगलुरु जैसे कई शहरों के अनेकों शैक्षणिक संस्थानों से शुरू हुआ विरोध धीरे–धीरे राष्ट्रव्यापी जनक्रांति में बदल गया। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ, अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद सहित अनेकों सामाजिक–सांस्कृतिक संगठनों ने भी अपनी पूरी शक्ति से लोकतंत्र को पुनर्जीवित करने के लिए आंदोलन चलाया।

मुख्यमंत्री ने कहा कि 1977 के उस आम चुनाव में देश की जनता ने पहली बार किसी गैर कांग्रेसी सरकार को चुनकर लोकतंत्र की नई सुबह का सूत्रपात किया। भारत की स्वतंत्रता की लड़ाई के बाद वो दूसरी सबसे बड़ी जनक्रांति थी जिसने भारत को सत्ता के एकाधिकार से मुक्ति दिलाने का कार्य किया था।

# पंचायत चुनाव को देखते हुए वरिष्ठ कांग्रेस नेताओं को विधानसभा प्रभारी की जिम्मेदारी सौंपी गई

**देहरादून (नजरिया खबर ब्यूरो)।** उत्तराखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष करन माहरा द्वारा पार्टी की प्रदेश प्रभारी कुमारी सैलजा की संस्तुति के उपरान्त त्रि–स्तरीय पंचायत चुनावों के मद्देनजर वरिष्ठ कांग्रेस नेताओं को विधानसभा प्रभारी की जिम्मेदारी सौंपी गई है।

प्रदेश कांग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष संगठन सूर्यकांत धस्माना ने बताया कि प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष करन माहरा ने वरिष्ठ नेताओं को त्रि–स्तरीय पंचायत चुनावों के लिए विधानसभा प्रभारी नियुक्त किया गया जिसमें विधानसभा क्षेत्र पुरोला में घनानन्द नौटियाल, यमुनोत्री विहारी लाल, गंगोत्री धनीलाल शाह, बद्रीनाथ मनोज रावत, थराली देवीदत्त कुनियाल, कर्णप्रयाग डॉ0 जीत राम, केदारनाथ सुरेन्द्र सिंह बिष्ट, रूद्रप्रयाग जगमोहन भंडारी, घनसाली विजय गुनसोला, देवप्रयाग डॉ0 प्रताप भंडारी, नरेन्द्रनगर महेन्द्र सिंह नेगी, प्रतापनगर विरेन्द्र कण्डारी, टिहरी पूरन सिह रावत, धनौल्टी शांति प्रसाद भट्ट, चकराता संजय किशोर, विकासनगर डॉ0 प्रदीप जोशी, सहसपुर जगदीश धीमान, रायपुर सुनील जायसवाल, मसूरी हेमा पुरोहित, डोईवाला सूरत सिंह नेगी, यमकेश्वर राजेन्द्र शाह, पौड़ी नवीन जोशी, श्रीनगर सुरेन्द्र सिंह रावत, चौबट्टाखाल जयेन्द्र रमोला, लैन्सडाउन सुनील नौटियाल, कोटद्वार राजपाल खरोला, सितारगंज संदीप सहगल, नानकमत्ता मीना शर्मा, खटीमा विधानसभा में हरीश धामी को प्रभारी की जिम्मेदारी सौंपी गई है।

# स्वर्णकारों के लिए बीआईएस ने हॉलमार्क जागरुकता कार्यक्रम आयोजित

**उत्तरकाशी (नजरिया खबर ब्यूरो)।** भारतीय मानक ब्यूरो, देहरादून शाखा कार्यालय द्वारा उत्तरकाशी में स्वर्णकारों के लिए एक हॉलमार्क जागरुकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में जनपद उत्तरकाशी के विभिन्न ज्वैलर्स ने उत्साहपूर्वक प्रतिभाग किया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता गंगोत्री विधायक सुरेश चौहान द्वारा एवं भारतीय मानक ब्यूरो के निदेशक एवं प्रमुख सौरभ तिवारी ने की। अपने संबोधन में उन्होंने सभी स्वर्ण व्यवसायियों से आग्रह किया कि वे हॉलमार्क पंजीयन हेतु आवेदन करें, ताकि उपभोक्ताओं को शुद्धता सुनिश्चित करने वाले आभूषण प्राप्त हो सकें। उन्होंने हॉलमार्किंग की प्रक्रिया, इसके लाभ तथा पंजीकरण की प्रक्रिया को विस्तारपूर्वक समझाया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि गंगोत्री



जागरुकता कार्यक्रम में प्रतिभाग करते हुए।

विधानसभा क्षेत्र के विधायक सुरेश सिंह चौहान रहे। उन्होंने भारतीय मानक ब्यूरो द्वारा उपभोक्ता हित में किए जा रहे प्रयासों की सराहना की तथा कहा कि हॉलमार्क प्रणाली उपभोक्ताओं के विश्वास को बढ़ाने का सशक्त माध्यम है। इस अवसर पर स्वर्णकार संगठन से यशपाल सिंह पंवार, अध्यक्ष, अजीत पाल सिंह पंवार, जिला सचिव, ओमप्रकाश शाह, जिला महामंत्री तथा मंगल सिंह पंवार, मुख्य संरक्षक भी उपस्थित रहे और उन्होंने स्वर्णकार समाज की ओर से भारतीय मानक ब्यूरो को पूर्ण सहयोग देने का आश्वासन दिया। कार्यक्रम का उद्देश्य उत्तरकाशी क्षेत्र के ज्वैलर्स को हॉलमार्किंग के प्रति जागरूक करना तथा उन्हें इस प्रणाली से जोड़ना था, जो उपभोक्ताओं के हित में एक महत्वपूर्ण कदम है।

# उत्तराखंड में थानों को गोद ले रहे आईपीएस अफसर, पुलिसिंग के साथ सुविधाओं और अनुशासन की पहल

**देहरादून (नजरिया खबर ब्यूरो)।** राज्य में 'आदर्श थाना' बनाने की अनूठी पहल चल पड़ी है। ख़ासकर चमोली जिले में यह देखने को मिल रहा है। यहां आईपीएस तृप्ति भट्ट के बदरीनाथ थाना गोद लिए जाने के बाद अब एसपी सीआईडी यशवंत चौहान ने गोपेश्वर थाने को गोद लिया है।

'आदर्श थाने' की अवधारणा को साकार करने की दिशा में एक अभिनव और महत्वपूर्ण पहल शुरू की गई है। इस पहल के तहत, संवर्ग के वरिष्ठ अधिकारी अब अपनी प्रथम नियुक्ति स्थल के किसी एक पुलिस थाने



गोद लिए गए थाने का अवलोकन करते हुए।

(कोतवाली व थाना) को 'गोद' लेकर उसे आधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित करने और उसकी कार्यप्रणाली को बेहतर बनाने का कार्य करेंगे। इसी महत्वपूर्ण क्रम में, वर्तमान में एसपी सीआईडी के पद पर तैनात वरिष्ठ आईपीएस अधिकारी यशवंत चौहान ने इस पहल में आगे बढ़कर जनपद मुख्यालय स्थित थाना गोपेश्वर को गोद लेने का निर्णय लिया है। यशवंत चौहान का चमोली जनपद से गहरा जुड़ाव रहा है; वे वर्ष 2019 से 2021 के बीच इसी जनपद में पुलिस अधीक्षक के तौर पर नियुक्त रहे थे।जनपद चमोली में अपनी पूर्व की तैनाती के दौरान भी यशवंत चौहान पुलिस कल्याण और विभाग की कार्यप्रणाली में सुधार के लिए कई उल्लेखनीय और सराहनीय कार्य कर चुके हैं, जिनकी छाप आज भी महसूस की जाती इसी सुधार की भावना के साथ, उन्होंने गोपेश्वर थाने को 'आदर्श थाने' के रूप में विकसित करने का बीड़ा उठाया है। 'आदर्श थाना' बनाने की अपनी प्रतिबद्धता के तहत यशवंत चौहान आज गोपेश्वर पहुंचे। उन्होंने थाना गोपेश्वर के सम्पूर्ण परिसर का गहन भौतिक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने विशेष रूप से पुरुष एवं महिला बैरक तथा एसएसआई रूम जैसे महत्वपूर्ण भवनों का जायजा लिया। इन संरचनाओं के उच्चीकरण) और आवश्यक सुधार कार्यों को लेकर उन्होंने पुलिस अधीक्षक सर्वेश पंवार व संबंधित जेई से मौके पर ही विस्तृत सुझाव मांगे, ताकि थाना गोपेश्वर को एक आधुनिक और सुविधाओं से युक्त 'आदर्श थाना' बनाया जा सके और पुलिस कर्मियों के लिए एक उन्नत एवं सहज कार्य वातावरण तैयार हो सके।

# उत्तराखंड में फिल्म निर्माण पारिस्थिति की तंत्र को सशक्त बनाने की दिशा में कार्यशाला आयोजित

**देहरादून (नजरिया खबर ब्यूरो)।** उत्तराखंड को फिल्म निर्माण के लिए एक प्रमुख गंतव्य के रूप में स्थापित करने की दिशा में आयोजित हुई एक दिवसीय कार्यशाला। बुधवार को सहस्त्रधारा रोड स्थित होटल में यह कार्यशाला नेशनल फिल्म डेवलपमेंट कॉर्पोरेशन और उत्तराखंड फिल्म विकास परिषद के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित की गई।

कार्यशाला का विषय "उत्तराखंड में फिल्मिंग इकोसिस्टम के विकास" रखा गया। कार्यशाला का शुभारंभ यूएफडीसी के मुख्य कार्यकारी अधिकारी बंशीधर तिवारी, संयुक्त मुख्य कार्यकारी अधिकारी डॉ. नितिन उपाध्याय, सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय, भारत सरकार की फिल्म निदेशक शिल्पा राव और एनएफडीसी के महाप्रबंधक अजय धोके द्वारा दीप प्रज्वलन द्वारा किया गया। इस अवसर पर फिल्म उद्योग से जुड़े प्रमुख निर्माता, नीतिगत विशेषज्ञ,



कार्यक्रम को संबोधित करते डीजी सूचना बंशीधर तिवारी।

वरिष्ठ सरकारी अधिकारी और विभिन्न हितधारकों ने भाग लिया। चर्चा का केंद्र बिंदु राज्य में फिल्म निर्माण हेतु नीतिगत सुधार, अवसंरचना विकास और प्रतिभा संवर्धन रहा। यूएफडीसी के मुख्य कार्यकारी अधिकारी बंशीधर तिवारी ने कहा मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी एवं भारत सरकार के मार्गदर्शन में उत्तराखंड को फिल्म निर्माण हब के रूप में स्थापित करने के प्रयास जारी है । यह कार्यशाला राज्य और केंद्र की नीतियों के बीच समन्वय स्थापित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।" बंशीधर तिवारी, महानिदेशक सूचना एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी ने कहा कि उत्तराखंड की फिल्म नीति क्षेत्रीय भाषा और संस्कृति को बढ़ावा देने के लिए भी बनाई गई है। उन्होंने बताया, "अब क्षेत्रीय सिनेमा को दी जाने वाली सब्सिडी घ25 लाख से बढ़ाकर घ2 करोड़ तक कर दी गई है। इस नीति के तहत अब तक 20 से 25 गुणवत्तापूर्ण क्षेत्रीय फिल्में बन चुकी हैं।" उन्होंने यह भी बताया कि राज्य के कम चर्चित स्थलों पर शूटिंग करने पर कुल फिल्म निर्माण लागत का 5ः अतिरिक्त प्रोत्साहन सब्सिडी दी जाती है। साथ ही, उत्तराखंड में स्थानीय कलाकारों को काम देने वाले निर्माताओं को भी विशेष सब्सिडी दी जा रही है। राज्य में एकल स्क्रीन सिनेमा हॉल की स्थापना के लिए घ25 लाख की एकमुश्त सब्सिडी की व्यवस्था भी की गई है, जिसका उद्देश्य पर्वतीय क्षेत्रों में सिनेमा हॉल की संख्या बढ़ाना है। न्थ्क्ब स्थानीय आपूर्तिकर्ताओं, कलाकारों, संसाधनों और परिवहन सुविधाओं की एकीकृत सूची तैयार कर रहा है ताकि फिल्म निर्माताओं को राज्य में काम करने में आसानी हो। उन्होंने बताया कि एनएफडीसी के सहयोग से राज्य का अपना फिल्म फेस्टिवल और उत्तराखंड राज्य फिल्म पुरस्कार शुरू करने पर गंभीरतापूर्वक कार्य किया जा रहा है।

## दो सगे भाइयों की बाइक बस से टकराई, एक की मौत, एक गंभीर रूप से घायल

**टिहरी।** उत्तरकाशी– लंबगांव मोटर मार्ग पर चौण्ड के पास बाइक सवार दो सगे भाई बस टकरा गए। जिससे एक भाई की मौत हो गई तो दूसरा भाई गंभीर रूप से घायल हो गया। जिसे सीएचसी चौण्ड में भर्ती कराया गया है. वहीं, शख्स की मौत पर गांव और परिवार में कोहराम मच गया है। पुलिस ने मृतक के शव का पंचनामा भरकर पीएम के लिए भेज दिया है। गंभीर रूप से घायल दूसरे भाई का अस्पताल में उपचार किया जा रहा है।

जानकारी के मुताबिक, यह हादसा टिहरी के प्रताप नगर विकासखंड में उत्तरकाशी–लंबगांव मोटर मार्ग पर चौण्ड के पास हुआ है। जहां अस्पताल से इलाज करवा कर बाइक से घर लौट रहे दो भाई रघुवीर सिंह और प्रकाश सिंह बस से टकरा गए। बाइक लंबगांव से मुखेम जा रही बस से टकराई. जिसमें एक रघुवीर सिंह की मौके पर जान चली गई। वहीं, दूसरा भाई प्रकाश सिंह हादसे में गंभीर रूप से घायल हो गया।

## पंजाब में चमोली के राजेश के उत्पीड़न के मामले का सीएम ने लिया संज्ञान

**देहरादून (नजरिया खबर ब्यूरो)।** चमोली जनपद के कौब गांव निवासी राजेश के पंजाब में उत्पीड़न के मामले का मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने संज्ञान लिया है। उन्होंने मामले में जिलाधिकारी चमोली संदीप तिवारी को युवक के परिजनों से संपर्क कर हर संभव मदद करने के निर्देश दिए हैं। मुख्यमंत्री के निर्देश पर जिलाधिकारी चमोली ने पंजाब के तरनतारन जनपद के जिलाधिकारी से संपर्क कर राजेश की हर संभव मदद की बात कही है।

जिलाधिकारी संदीप तिवारी ने बताया कि मामले जहां जिलाधिकारी तरनतारन ने राजेश की हर संभव मदद का आश्वासन दिया है। जिलाधिकारी चमोली ने पंजाब के नवा शहर में निवास कर रही राजेश की बहन से भी संपर्क कर हर संभव मदद के लिए आश्वस्त किया है। साथ उन्होंने बताया कि मामले उत्पीड़न करने वाले तबेला संचालक के विरुद्ध तरनतारन थाने में प्राथमिकी दर्ज करवाई गई है।

यह है मामलाः बीती बुधवार को लंबे समय बाद राजेश का पंजाब की एक सामाजिक संस्था के कार्यकर्ताओं के साथ बात करने का वीडियो वायरल हुआ। जिसमें वह अपना घर चमोली के कौब बता रहा है। साथ ही उसने बताया कि वह सालों से तबेले में काम कर रहा है। जहां मालिक की ओर से उसका उत्पीड़न किया जा रहा है। जिसका संज्ञान लेते हुई मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के के निर्देश पर जिला प्रशासन ने मामले में कार्रवाई की है।

## केदारनाथ यात्रा पर लैंडस्लाइड ने लगाया ब्रेक, यात्रियों की बढ़ी परेशानियां

**रूद्रप्रयाग (नजरिया खबर ब्यूरो)।** केदारनाथ हाईवे के सोनप्रयाग–गौरीकुंड के बीच मुनकटिया में पहाड़ी से भारी मात्रा में मलबा और बोल्डर आ गये। इसे साफ करने को लेकर एनएच विभाग की मशीनरी जुट गई। करीब दो घंटे की मेहनत के बाद सुबह साढ़े 8 बजे राजमार्ग पर मलबा–बोल्डर हटाया गया. सैकड़ों तीर्थयात्रियों को केदारनाथ धाम के लिए भेजा गया।



मलबा हटाती जेसीबी।

कुछ समय बाद राजमार्ग के मुनकटिया की पहाड़ी से फिर पत्थर और मलबा गिरना शुरू हो गया. जिसके बाद पुलिस की ओर यात्रा को कुछ घंटों के लिए रोक दिया गया है। इसके अलावा केदारनाथ हाईवे काकड़ा गाड़ में भी खतरनाक बना है। यहां पर भी ऊपरी पहाड़ी से लगातार भूस्खलन हो रहा है, जिस कारण बार–बार राजमार्ग बाधित हो रहा है। इस स्थान पर भी लगातार खतरा बना हुआ है।

देश–विदेश से केदारनाथ यात्रा पर आ रहे श्रद्धालु एवं स्थानीय जनता काकड़ा गाड़ में जान हथेली पर रखकर सफर करने को मजबूर है। इस मामले में बदरीनाथ–केदारनाथ मंदिर समिति के सदस्य डॉ विनीत पोस्ती ने लगातार हो रही बारिश के बाद जिला आपदा प्रबंधन केंद्र का निरीक्षण कर आपदा से निपटने की तैयारियों एवं केदारनाथ यात्रा मार्ग का सीसीटीवी कैमरों की मदद से जायजा लिया। उन्होंने डीडीआरएन के इंट्रानेट सिस्टम से पैदल मार्ग पर ग्लेशियर में फोटो खिंचवा रहे श्रद्धालुओं से निवेदन किया कि वे यात्रा मार्ग पर सावधानी बरतें और ग्लेशियर में चढ़कर फोटो ना खिंचवाएं।

## प्रदेश की सत्ताधारी पार्टी भाजपा पंचायत चुनाव करवाना ही नहीं चाहतीः सूयकांत धस्माना

**देहरादून (नजरिया खबर ब्यूरो)।** प्रदेश में कल से शुरू होने वाली पंचायत चुनावों की प्रक्रिया को राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा माननीय उच्च न्यायालय के आदेश के आलोक में रद्द करने पर प्रतिक्रिया देते हुए प्रदेश कांग्रेस कमेटी के वरिष्ठ उपाध्यक्ष संगठन सूर्यकांत धस्माना ने कहा कि असलियत तो यह है कि प्रदेश की भाजपा सरकार राज्य में पंचायत चुनाव करवाना ही नहीं चाहती थी।




उन्होंने कहा कि शुरू से ही सरकार चुनाव से भाग रही थी और हाई कोर्ट की लताड़ के बाद जब सरकार ने चुनाव करवाने की शुरुआत की तो उसमें जानबूझ कर एससी एसटी और ओबीसी आरक्षण का रोस्टर ही शून्य कर दिया जिसके कारण लोग कोर्ट गए और आज यह नौबत आई कि सरकार को चुनाव ही स्थगित करने पड़े। उत्तराखंड में पंचायती राज मंत्री कौन है और पंचायती राज अधिनियम की नियमावली कहां और क्या है यह सवाल प्रदेश कांग्रेस कमेटी के वरिष्ठ उपाध्यक्ष संगठन सूर्यकांत धस्माना ने राज्य की धामी सरकार से करते हुए प्रदेश सरकार पर जोरदार हमला बोला। प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय में पत्रकारों से बातचीत करते हुए उन्होंने कहा कि प्रदेश की नौकरशाही ने प्रदेश सरकार चला रहे राजनैतिक नेतृत्व को पंगु बना छोड़ा है जिसके कारण आए दिन सरकार की छीछालेदर होती है जिसे राज्य के पंचायती चुनावों को लेकर हो रही है । श्री धस्माना ने कहा कि पहले तो सरकार ने पंचायत चुनाव समय पर ना करवा कर अपनी किरकिरी की फिर एक अजूबा किया कि जिला पंचायत अध्यक्षों ब्लॉक प्रमुखों व ग्राम प्रधानों को ही प्रशासक नियुक्त कर दिया और फिर दूसरी बार जब प्रशासकों का कार्यकाल खत्म हुआ तो पंचायतों को कई दिनों तक लावारिस छोड़ कर अधिकारियों को प्रशासक बनाया और अब जब माननीय उच्च न्यायालय की लताड़ के बाद चुनाव करने का निर्णय लिया तो आरक्षण का रोस्टर ही शून्य करवा दिया जिससे पूरे प्रदेश में असंतोष और आक्रोश फैल गया जिसे कोर्ट में चुनौती दी गई। श्री धस्माना ने कहा कि सोमवार को जब उच्च न्यायालय ने सरकार से सवाल किया कि पंचायत चुनाव की नियमावली कहां है तो सरकार ने हास्यास्पद जवाब देते हुए कहा कि नियमावली नोटिफाई हो गई किन्तु प्रेस वालों ने छापी नहीं। श्री धस्माना ने कहा कि सरकार के जवाब से असंतुष्ट न्यायालय ने चुनाव पर रोक लगा दी । श्री धस्माना ने कहा कि यह सरकार का दिमागी दिवालियापन है कि पूरे प्रदेश के लोगों को कोर्ट के स्टे के बाद अब जब नामांकन के लिए चौदह घंटे मात्र बचे हैं तब पता चल रहा है कि राज्य निर्वाचन आयोग ने चुनाव रद्द कर दिए हैं।

26 June 2025_Copy of Layout 1 6/26/2025 12:43 PM Page 5



# सांसद अजय भट्ट ने लालकुआं- झांसी स्पेशल एक्सप्रेस ट्रेन को हरी झंडी दिखाकर किया विधिवत रवाना

**लालकुआं (नजरिया खबर ब्यूरो)।** क्षेत्रीय सांसद अजय भट्ट ने लालकुआं झांसी स्पेशल एक्सप्रेस ट्रेन संख्यारू–04181ध04182 को हरी झंडी दिखाकर विधिवत शुभारंभ करते हुए यहां से रवाना किया। इस मौके पर उनके साथ क्षेत्रीय विधायक डॉ मोहन बिष्ट व हल्द्वानी के मेयर गजराज बिष्ट समेत कई दर्जा राज्य मंत्री भी मौजूद रहे।

बुधवार की दोपहर 12रू20 पर रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म नंबर 5 से पहली बार झांसी को रवाना हो रही लालकुआं झांसी स्पेशल एक्सप्रेस रेलगाड़ी का क्षेत्रीय सांसद अजय भट्ट ने हरी झंडी दिखाकर शुभारंभ करते हुए कहा कि जल्द ही काठगोदाम से प्रयागराज को ट्रेन शुरू की जा रही है। उन्होंने बताया कि यह ट्रेन मथुरा जंक्शन, आगरा कैंट के साथ–साथ ग्वालियर सिटी से भी उत्तराखंड को जोड़ने का काम कर रही है। क्षेत्रीय सांसद अजय भट्ट ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की विकासपरख सोच के चलते देश के दूर दराज के रेलवे स्टेशन भी अब दिल्ली और कोलकाता जैसे अत्याधुनिक रेलवे स्टेशन बन रहे हैं, उन्होंने कहा कि लालकुआं रेलवे स्टेशन को उत्तराखंड का सबसे हाईटेक रेलवे स्टेशन बनाया जा रहा है, यहां से देश के कोने–कोने को रेलगाड़ियां चलाई जाएगी, जिसकी शुरुआत करते हुए उन्होंने चार दिन के भीतर दो ट्रेनों का लालकुआं से शुभारंभ किया है, जो कि क्षेत्र वासियों के लिए बहुत ही खुशी की बात है।




लालकुआं रेलवे स्टेशन में लालकुआं–झांसी स्पेशल एक्सप्रेस रेलगाड़ी को हरी झंडी दिखाते क्षेत्रीय सांसद अजय भट्ट व अन्य।

इस अवसर पर क्षेत्रीय विधायक डॉ मोहन बिष्ट, हल्द्वानी के मेयर गजराज सिंह बिष्ट, दर्जा राज्य मंत्री नवीन वर्मा और मजहर नईम नवाब ने भी केंद्र एवं राज्य सरकार द्वारा क्षेत्र में किये जा रहे तमाम विकास कार्यों का उल्लेख किया। इस मौके पर वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक आशीष त्रिपाठी, भाजपा मंडल अध्यक्ष अरुण जोशी, वरिष्ठ भाजपा नेता हेमंत नरूला, नगर पंचायत के पूर्व अध्यक्ष पवन चौहान, लाल चंद्र सिंह, महामंत्री राजकुमार सेतिया, बॉबी संभल, धन सिंह बिष्ट, सांसद प्रतिनिधि लक्ष्मण खाती, लालकुआं स्टेशन के स्टेशन प्रबंधक पुष्कर सिंह, संजीव शर्मा, संजय अरोड़ा, व्यापार मंडल अध्यक्ष दीवान सिंह बिष्ट, अरुण प्रकाश वाल्मीकि, जीवन कबडवाल, विनोद श्रीवास्तव और कमलेश चंदोला सहित भारी संख्या में क्षेत्रवासी मौजूद थे।

## जिलाधिकारी आवास में लगा स्मार्ट विद्युत मीटर

**चमोली।** बिजली उपयोग की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल करते हुए जिलाधिकारी संदीप तिवारी के शासकीय आवास में स्मार्ट विद्युत मीटर स्थापित कर दिया गया है। स्मार्ट मीटर के माध्यम से उपभोक्ता अपनी विद्युत खपत की रीयल टाइम निगरानी कर सकेंगे, जिससे विद्युत उपभोग में पारदर्शिता के साथ–साथ ऊर्जा बचत भी सुनिश्चित होगी।

जिलाधिकारी ने जानकारी देते हुए बताया कि इसी तर्ज पर जनपद के सभी शासकीय आवासों एवं कार्यालयों में चरणबद्ध रूप से स्मार्ट मीटर लगाए जाएंगे। उन्होंने आमजन से भी अपील की कि वे स्मार्ट मीटर को अपनाएं, ताकि पारंपरिक मीटरिंग प्रणाली से हटकर एक आधुनिक, सटीक और जिम्मेदार विद्युत उपभोग की दिशा में कदम बढ़ाया जा सके।

एकजिलाधिकारी ने कहा कि स्मार्ट मीटर से बिजली बिलों में पारदर्शिता आयेगी वंही उपभोक्ता अपनी विद्युत खपत का आंकलन कर सकेंगे, जिससे ऊर्जा की अनावश्यक बर्बादी को रोका जा सकेगा।

# मानसून की पहली बारिश में ही सिंचाई नहर बमोथ का पुस्ता ढहने से क्षतिग्रस्त

**चमोली (नजरिया खबर ब्यूरो)।** मानसून की पहली बारिश में ही सिंचाई नहर बमोथ की 30 मीटर पुस्ता ढहने से सिंचाई नहर क्षतिग्रस्त हो गई है।

रात भर जारी रही बरसात के चलते नहर में पानी भर जाने से हुऐ आज सुबह ही भूस्खलन के चलते सिंचाई नहर का लगभग 30 मीटर पुस्ता ढह गया है। जिससे गांव का पौराणिक जल स्रोत (पानी का धारा) पर भी भूस्खतित हुआ मलवा पत्थर जमा हो गये। पूर्व ग्राम प्रधान बमोथ प्रकाश रावत ने कहा कि नहर में पानी जमा होने से हुऐ भूस्खलन में नहर का लगभग 30 मीटर पुस्ता ढहने से सिंचाई नहर पूर्ण रूप से क्षतिग्रस्त हो गई है। जिसकी सूचना से सिंचाई विभाग चमोली को अवगत करा दिया गया है। उन्होंने कहा कि अब कई लोगों की गांव में रोपाई होने वाली है। उन्होंने कहा कि जब तक सिंचाई नहर के पुस्ते का पुनर्निर्माण कार्य होता है तब तक सिंचाई विभाग चमोली को वैकल्पिक व्यवस्था के माध्यम से नहर पर पानी चलाना चाहिए।

वहीं दूसरी ओर भट्टनगर – रानो मोटर पुल से आगे अलकनंदा नदी की तरफ नीचे से हो रहे भूस्खलन से रानों – सरमोला व रानों – क्वींठी तथा सारी – रूद्रप्रयाग सम्पर्क मोटर को नुक्सान पहुंचने की स्तिथि जैसी पैदा हो रही है। रानो ग्राम पंचायत के वन सरपंच उत्तम सिंह भंडारी आदि ने बताया कि भूस्खतित क्षेत्र को रोका नहीं गया तो बरसात में यह सम्पर्क मोटर मार्ग कभी भी बन्द हो सकता है।

# देवभूमि उद्योग व्यापार मंडल ने कालूसिद्ध मंदिर में पूजा अनुष्ठान एवंम भंडारे का आयोजन कर सुख शांति की प्रार्थना की

**हल्द्वानी (नजरिया खबर ब्यूरो)।** देवभूमि उद्योग व्यापार मंडल ने हल्द्वानी के सुप्रसिद्ध कालूसिद्ध मंदिर में पूजा अनुष्ठान एवंम भंडारे का आयोजन कर सुख शांति की प्रार्थना की।

इस अवसर पर सामूहिक पूजा कर भंडारे से पूर्व भंडारे के लिए निर्मित व्यंजनों का भोग कालूसिद्ध बाबा को भोग लगाया, परम्परागत रूप से कालूसिद्ध बाबा को चढ़ने वाले गुड़ की भेली का प्रसाद भी चढ़ाया गया, भंडारे में हजारों भक्तों ने प्रसाद ग्रहण किया, देवभूमि उद्योग व्यापार मंडल प्रदेश अध्यक्ष हुकम सिंह कुंवर ने भंडारे में आए भक्तों का आभार व्यक्त करते हुए कालूसिद्ध बाबा से नगर में खुशहाली की प्रार्थना की, इस अवसर पर नगर निगम मेयर गजराज सिंह बिष्ट,मंडी परिषद अध्यक्ष डॉक्टर



अनिल डब्बू,दर्जा प्राप्त राज्य मंत्री रेनू अधिकारी,राज्य मंत्री दिनेश आर्य, प्रदेश महामंत्री राजकुमार केसरवानी, रेनू केसरवानी, मेघना फर्त्याल केसरवानी। सतीश नैनवाल,राहुल छिमवाल,गणेश उपाध्याय,केदार पलड़िया,जगमोहन चिलवाल,अनिल खंडेलवाल,अजय कृष्ण गोयल,डॉक्टर बालम सिंह बिष्ट,रमेश जोशी,गोपाल भट्ट,गीतांजलि बमेठा,सुनीति कपूर,लता भट्ट, बृज मोहन सिजवाली, योगेश कांडपाल ,हिमांशु मेर,विनय चौहान,अविनाश गुप्ता,विवेक गुप्ता, महानगर प्रभारी राजेंद्र सिंह बिष्ट(रज्जी),कृष्ण कुमार आगरी,उमेश बेलवाल, हेमंत सूठा,श्याम सिंह नेगी,प्रेम परिहार,अनिल कुमार सिंह ,आदि लोग शामिल थे।

# उप चुनावों में ईसीआई नेट प्रणाली की शुरुआत, कारगर साबित हुई नई प्रणाली : ज्ञानेश कुमार

**देहरादून/नई दिल्ली (नजरिया खबर ब्यूरो)।** भारत निर्वाचन आयोग ने हाल ही में केरल, गुजरात, पंजाब और पश्चिम बंगाल की पाँच विधानसभा क्षेत्रों में सम्पन्न हुए उप चुनावों में अपने नए डिजिटल प्लेटफॉर्म ईसीआई नेट को सक्रिय कर दिया है।

यह उल्लेखनीय है कि आयोग ने इस वर्ष 4 मई को अपने 40 से अधिक मौजूदा मोबाइल और वेब एप्लिकेशन को एकीकृत करने वाले एक एकीकृत प्लेटफॉर्म ईसीआई नेट को विकसित करने की घोषणा की थी। इन उप चुनावों में ईसीआई नेट के



कार्यक्रम को संबोधित करते मुख्य निर्वाचन आयुक्त।

कुछ मॉड्यूल का सफलतापूर्वक उपयोग किया गया, जिन्हें आने वाले हफ्तों में पूर्ण रूप से लागू कर दिया जाएगा। मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार तथा निर्वाचन आयुक्त डॉ सुखबीर सिंह संधू और डॉ विवेक जोशी के नेतृत्व में आयोग द्वारा पारदर्शिता और समयबद्ध चुनावी जानकारी प्रदान करने के उद्देश्य से यह एक महत्त्वपूर्ण पहल की गई है। उप चुनावों के दौरान एक प्रमुख उपलब्धि यह रही कि पीठासीन अधिकारियों ने ईसीआई नेट के माध्यम से सीधे मतदाता प्रतिशत (वीटीआर) ट्रेंड्स अपलोड किए, जबकि पहले यह कार्य मैन्युअली किया जाता था। इस नई प्रक्रिया ने सूचनाओं को तेजी से साझा करने, पारदर्शिता बढ़ाने और आंकड़ों के प्रकाशन में लगने वाले समय को काफी हद तक कम कर दिया। पीठासीन अधिकारियों ने अपने मतदान केंद्र छोड़ने से पहले अंतिम मतदाता प्रतिशत आंकड़े अपलोड कर दिए, जिससे सार्वजनिक रूप से उपलब्ध मतदाता प्रतिशत प्रवृति और भी शीघ्रता से ईसीआई नेट पर दिखाई देने लगे। यह तकनीकी आधारित प्रणाली उप चुनावों के दौरान अनुमानित मतदान प्रतिशत के ट्रेंड्स को समय पर उपलब्ध कराने में कारगर रही। ईसीआई नेट की एक और बड़ी उपलब्धि यह रही कि उप चुनावों के इंडेक्स कार्ड्स को परिणाम घोषित होने के 72 घंटों के भीतर प्रकाशित कर दिया गया। इस प्रक्रिया को तेज करने और डिजिटलीकृत करने का निर्णय आयोग ने 5 जून को लिया था। पहले इस प्रक्रिया में कई दिन, सप्ताह या कभी– कभी महीनों का समय लग जाता था, क्योंकि पूरा डेटा मैन्युअल रूप से सत्यापित होने के बाद भरा जाता था। इंडेक्स कार्ड एक गैर वैधानिक (गैर स्टेच्युटरी), लेकिन महत्त्वपूर्ण पोस्ट इलेक्शन रिपोर्टिंग प्रारूप है, जिसे 1980 के दशक के अंत में विकसित किया गया था ताकि निर्वाचन संबंधी आंकड़े सभी हितधारकों जैसे शोधकर्ता, शिक्षाविद, नीति– निर्माता, पत्रकार और आम जनता के लिए सुलभ हो सकें।

# एसपी ने ली मासिक अपराध गोष्ठी, मानसून सीजन में संभावित आपदा से निपटने के लिए अलर्ट रहने के दिए निर्देश

**चमोली (नजरिया खबर ब्यूरो)।** पुलिस अधीक्षक चमोली श्री सर्वेश पंवार ने आज पुलिस कार्यालय गोपेश्वर में जनपद के समस्त राजपत्रित अधिकारीगणों, समस्त थानाध्यक्षों, शाखा प्रभारियों सहित अन्य अधिकारीध्कर्मचारी गणों के साथ मासिक अपराध गोष्ठीध्सम्मेलन का आयोजन किया। इस महत्वपूर्ण बैठक में जनपद की कानून व्यवस्था की समीक्षा करने के साथ ही आगामी चुनौतियों और कर्मचारियों की समस्याओं पर विस्तार से चर्चा की गई।

गोष्ठी की शुरुआत में एसपी ने समस्त पुलिसकर्मियों की समस्याओं को सुना और उनके त्वरित समाधान हेतु सम्बन्धितों को निर्देशित किया। उन्होंने सभी थाना प्रभारियों को निर्देश दिए कि वे प्रत्येक माह अपने–अपने थानों में नियुक्त अधीनस्थ कर्मचारियों की मीटिंग लेकर उनके कार्यों की समीक्षा करें और उनकी व्यक्तिगतध्पारिवारिक समस्याओं को सुनते हुए उनका शीघ्र



समाधान करें।

जनपद में लगातार हो रही भारी बारिश के दृष्टिगत संभावित प्राकृतिक आपदा से निपटने की तैयारियों पर विशेष जोर दिया गया। एसपी चमोली ने समस्त थाना प्रभारियों को अलर्ट मोड पर रहने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि आपदा उपकरणों को 24 घंटे क्रियाशील अवस्था में रखा जाए, ताकि आपदा के दौरान त्वरित एवं प्रभावी कार्यवाही की जा सके। इसके अतिरिक्त सभी थाना क्षेत्रों में संवेदनशील स्थानों और नेशनल हाईवे पर नियमित रूप से सतर्क दृष्टि बनाए रखने और भूस्खलन होने पर तत्काल आमजन को सतर्क करने को भी निर्देशित किया गया। भूस्खलन संभावित स्थानों पर नियमित रूप से पुलिस बल की तैनाती के निर्देश दिए गए। ड्यूटी पर तैनात पुलिसकर्मियों को आपदा के समय बचाव उपकरणों जैसे हेलमेट, टॉर्च और फर्स्ट एड किट के साथ मुस्तैद रहने को कहा गया। सड़क मार्ग पर भूस्खलन वाले स्थानों की नियमित निगरानी के साथ–साथ, मार्ग अवरुद्ध होने पर संबंधित विभागों से समन्वय स्थापित कर मार्गों को प्राथमिकता के आधार पर खुलवाने और सुरक्षा के दृष्टिगत पुलिस की ड्यूटी लगाने के निर्देश भी दिए गए।

एसपी ने घटना की सूचना प्राप्त होने पर त्वरित रिस्पॉन्स न करने और किसी भी प्रकार की लापरवाही बरतने पर संबंधितों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने बल दिया कि सूचना तंत्र को मजबूत बनाकर तत्काल कार्यवाही सुनिश्चित की जाए। आगामी त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के मद्देनजर सभी थाना प्रभारी को अपने थाना क्षेत्र के मतदान केंद्रों का भौतिक सत्यापन करने और चुनाव के दौरान विभिन्न गतिविधियों एवं असामाजिक तत्वों पर विशेष निगरानी रखने के निर्देश दिए गए। नन्दादेवी राजजात यात्रा 2026 में प्रस्तावित है, उक्त यात्रा विश्व की सबसे लम्बी धार्मिक और आस्था की पैदल यात्रा है। उक्त राजजात यात्रा को सुव्यवस्थित रुप से संपन्न कराना एक महत्वपूर्ण चुनौती है, जिस कारण पूर्व तैयारियां पूर्ण किया जाना नितान्त आवश्यक है। चारधाम यात्रा ड्यूटी हेतु बाहरी जनपदों से प्राप्त पुलिस बल उक्त ड्यूटी से अवमुक्त होकर अपने जनपदों को रवाना हो चुका है। जनपद में उपलब्ध जनपदीय पुलिस बल द्वारा ही प्रचलित चारधाम यात्रा,मानसून सीजन एवं आगामी त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव जैसी महत्वपूर्ण ड्यूटियों का सकुशल संपादन किया जाना है।

## मानसून अवधि के दौरान आपदा कंट्रोल रूम स्थापित, किसी भी आपात स्थिति में तुरंत करें संपर्क

**चमोली।** मानसून अवधि के दौरान जनपद में आपदा प्रबंधन को प्रभावी रूप से संचालित करने के लिए तहसील चमोली कार्यालय भवन में आपदा कंट्रोल रूम स्थापित किया गया है। यह कंट्रोल रूम 15 जून 2025 से 15 सितंबर 2025 तक सतत रूप से सक्रिय रहेगा।

कक्ष संख्या–06 में स्थापित यह कंट्रोल रूम किसी भी प्राकृतिक आपदा या आकस्मिक घटना की स्थिति में राहत एवं बचाव कार्यों में समन्वय के लिए कार्य करेगा। आम जनता आपदा से संबंधित किसी भी घटना की जानकारी तत्काल मोबाइल नंबर 8979273644 पर उपलब्ध कराकर सहायता प्राप्त कर सकती है।

तहसील प्रशासन ने नागरिकों से अपील की है कि आपदा की किसी भी स्थिति में घबराएं नहीं, और दी गई जानकारी पर तुरंत संपर्क करें, ताकि समय पर आवश्यक कार्रवाई की जा सके।

## वोटर लिस्ट से हटा दिए अतिक्रमणकारियों के नाम, हाईकोर्ट ने अपनाया सख्त रुख

**नैनीताल (नजरिया खबर ब्यूरो)।** उत्तराखंड में त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव से संबंधित राज्य सरकार की ओर से अतिक्रमणकारियों का नाम वोटर लिस्ट से हटाए जाने के मामले पर नैनीताल हाईकोर्ट में सुनवाई हुई।

मामले में न्यायमूर्ति रवींद्र मैठाणी की एकलपीठ ने सख्त रुख अख्तियार करते याचिकाकर्ताओं से कहा कि इस संबंध में अपना एक प्रत्यावेदन विभाग को दें। विभाग उसे विधि अनुसार निस्तारित करे। अगर उस पर कोई निर्णय नहीं लिया जाता है तो वे फिर से कोर्ट में आ सकते हैं। कोर्ट ने कहा कि वोट देने का यह अधिकार उन्हें संविधान के अनुच्छेद 239 के तहत दिया गया है। इससे उनको न तो कोर्ट न ही सरकार वंचित कर सकती है। अगर वे अतिक्रमणकारी भी हैं तो उन्हें उसका नोटिस दें। उस पर कार्रवाई करें, जो सरकार ने नियमावली बनाई है, वो आधारहीन है। दरअसल, उधम सिंह नगर के आनंद नगर निवासी भजन समेत अन्य ने नैनीताल हाईकोर्ट में एक याचिका दायर की है। जिसमें उनका कहना है कि राज्य सरकार ने एक शासनादेश जारी कर कहा है कि जिन लोगों ने सरकारी, वन भूमि व अन्य जगह पर अतिक्रमण किया है, उन्हें त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव 2025 में वोट देने एवं प्रतिभाग करने से वंचित किया जाएगा। याचिकाकर्ताओं का कहना है कि जारी वोटर लिस्ट से पता चला कि उनका नाम वोटर लिस्ट में नहीं है। सरकार ने उनका वोट देने का अधिकार छीन लिया है। जबकि, वे इससे पहले के सभी चुनावों में वोट देते आए हैं।

## कोरोनेशन की स्टॉफ पार्किंग, तिब्बती मार्केट, परेडग्रांउड में तैयार

**देहरादून (नजरिया खबर ब्यूरो)।** जिलाधिकारी सविन बंसल की शहर में आटोमेटेड मैकेनिकल पार्किंग योजना जल्द जनमानस को समर्पित होने जा रही है, जिसका मुख्यमंत्री उत्तराखण्ड सरकार द्वारा शीघ्र ही लोकार्पण किया जाएगा।

शुरूआती चरण में यह जिला चिकित्सालय कोरोनेशन की स्टॉफ पार्किंग, तिब्बती मार्केट, परेडग्रांउड में तैयार की गई हैं। कोरोनेशन में पार्किंग संचालन के लिए तकनीकि आपरेटर भी दे दिया गया है, जो पार्किंग को आपरेट कर रहा है। इन पार्किंग के तैयार होने से जहां जनमानस को वाहन पार्क करने की सुविधा मिलेगी वहीं शहर को जाम से भी निजात मिलेगा। परेडग्राउड पार्किंग क्षमता 96 वाहन, तिब्बती मार्केट 132 वाहन तथा कोरोनेशन 18 वाहन क्षमता की पार्किंग है। यह



ओटोमेटेड पार्किंग।

पार्किंग बहुत छोटे स्थान पर बनाई जा सकती है, तथा इन्हे अनयंत्र स्थलों पर स्थानान्तरित भी किया जा सकता है।जिला प्रशासन डीएम की अगुवाई में मुख्यमंत्री के आधुनिक सुविधायुक्त उत्तराखण्ड के विजन को मूर्तरूप देने में जुटा है। इसी क्रम में कोरोनेशन ओटोमेटेड पार्किंग तैयार कर चिकित्सालय को हैंडओवर कर दी गई पार्किंग में डॉक्टर्स एवं नर्सेस के वाहन स्वतः ही सहजता से पार्क होने लग गए हैं। साथ तिब्बती मार्केट, परेडग्राउंड आटोमेटेड पार्किंग भी तैयार हो गई है, इन तीनों पार्किंग को मा0 मुख्यमंत्री जल्द लोकार्पण कर जनमानस को समर्पित करेंगे। ओटोमेटेड पार्किंग आपरेटिंग के लिए 02 कुशल तकनीकि आपरेटर की तैनाती कर दी गई है तथा जिला योजना से बीमा कवर दिया जाएगा।

## आपातकाल के काले अध्याय के 50 वर्ष पूर्ण होने पर भाजपा जिला कार्यालय में गोष्ठी

**चमोली (नजरिया खबर ब्यूरो)।** कांग्रेस सरकार द्वारा देश में लगाए गए आपातकाल के काले अध्याय के आज 50 वर्ष पूर्ण होने पर भाजपा जिला कार्यालय में एक कार्यक्रम भाजपा जिलाध्यक्ष गजपाल वर्तवाल की अध्यक्षता में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में पीपलकोटी , दशौली, गोपेश्वर नगर मंडल के समस्त ज्येष्ठ श्रेष्ठ कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

कार्यक्रम में आपातकाल काल के विरुद्ध संघर्ष करने वाले गोपेश्वर निवासी आदरणीय बुद्धि सिंह असवाल को कार्यक्रम मंच में सम्मानित किया



गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए भाजपा जिलाध्यक्ष गजपाल वर्तवाल ने कहा कि आपतकाल भारतीय इतिहास के लिए काला अध्याय है। इतिहास कांग्रेस के इस कुकृत्य को कभी माफ नहीं करेगी साथ उन्होंने कहा कि सभी कार्यकर्ता पंचायत चुनावों में सक्रिय भूमिका निभाए हमारा लक्ष्य पंचायतों में भाजपा को शत प्रतिशत सफलता मिले। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता वरिष्ठ भाजपा नेता भाजपा जिला सहप्रभारी रुद्रप्रयाग पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष रघुवीर बिष्ट ने कहा कि आज के ही दिन 1975 में देश की तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी द्वारा आपातकाल की घोषणा कर पूरे देश को आपातकाल में धकेल दिया गया। किसान, छात्र, मजदूर, नेता, सामाजिक कार्यकर्ता , पत्रकारों को सभी को जेल में डाल कर प्रताड़ित किया गया।

समाचार पत्रों पर और देश की संवैधानिक संस्थाओं को अपने कब्जे में लेकर मन मर्जी की फैसले देश की जनता में थोप दिऐ गये।आज भी देशवासियों के हृदय में आपातकाल के दंश की यादें जिंदा है। जिस कांग्रेस ने 1975 में सरकार चलाने की नैतिकता को ही ताक पर रख कर लोकतंत्र की हत्या कर दिया और कांग्रेस आज नैतिकता की बातें कर रही है। कांग्रेस ने आम देशवासियों के स्वतंत्रता पर सरकारी बंदिशे लगा दी मौलिक अधिकारों को कुचल दिया। थराली विधायक भूपाल राम टम्टा ने कार्यक्रम में कहा कि हम सौभाग्य शाली है कि हमारे देश का नेतृत्व सबका साथ सबका विकास के सिद्धांतों को लेकर आगे बढ रहे देश के यशस्वी प्रधानमंत्री जी के मजबूत हाथों में है।

# ग्राफिक एरा में विदेशी छात्रों का दीक्षांत समारोह किया आयोजन, 11 देशों के छात्र-छात्राओं को मिली उपाधियां

**देहरादून (नजरिया खबर ब्यूरो)।** अंतर्राष्ट्रीय शिक्षा की भावनाओं को बल देते हुए ग्राफिक एरा के दूसरे अंतर्राष्ट्रीय दीक्षांत समारोह पर 11 देशों के छात्र–छात्राओं को डिग्री प्रदान की गई। इस विशिष्ट दीक्षांत समारोह का आगाज शैक्षणिक यात्रा के साथ के. पी. नौटियाल ऑडिटोरियम में किया गया।

इस दीक्षांत समारोह में वर्ष 2025 के उत्तीर्ण अंतर्राष्ट्रीय छात्र–छात्राएं शामिल हुए। इनमें लाइबेरिया, लेसोथो, तंजानिया, साउथ सूडान, नेपाल समेत 11 देशों के छात्र–छात्राएं थे। इसमें ग्राफिक एरा डीम्ड यूनिवर्सिटी, ग्राफिक एरा हिल यूनिवर्सिटी और ग्राफिक एरा के ऑनलाइन डिग्री प्रोग्राम के छात्र–छात्राएं थे। दीक्षांत समारोह में डिग्री प्राप्त करने वाले विदेशी छात्र–छात्राओं ने ग्राफिक एरा से बीबीए, बीसीए, बीएससी, बीकॉम और बीटेक आदि कोर्स किए हैं।



उपाधि प्राप्त करने वाले विद्यार्थी।

समारोह में मुख्य अतिथि हाई कमिशन ऑफ द किंगडम ऑफ लेसोथो की फर्स्ट सेक्रेटरी मिस बोहलोकी मोरोजेले ने कहा कि डिग्री केवल एक उपाधि नहीं बल्कि जीवन भर की जिम्मेदारी है।

उन्होंने अंतर्राष्ट्रीय छात्र–छात्राओं के अपने देश और सुविधाजनक परिवेश को छोड़कर एक नई संस्कृति में शिक्षा हासिल करने के साहसिक निर्णय की सराहना की। उन्होंने भारत की सदियों पुरानी विद्वत्ता और आत्मिक जिज्ञासा की परंपरा को नमन करते हुए ग्राफिक एरा के आधुनिक शिक्षा को वैश्विक समावेश के साथ जोड़ने की प्रशंसा की।

ग्राफिक एरा डीम्ड यूनिवर्सिटी के प्रो–चांसलर डा. राकेश शर्मा ने कहा कि आज की दुनिया अंतर्राष्ट्रीय सहयोग और साझेदारी की मांग करती है। हर देश के पास साझा करने को कुछ मूल्यवान है दृ चाहे वह ज्ञान हो संसाधन हो या डाटा हो, इनका आदान–प्रदान वैश्विक विकास की कुंजी है।

उन्होंने छात्र–छात्राओं से विविधता को सीखने हर भाषा, संस्कृति और परंपरा का सम्मान करने और खुले मन से वैश्विक दृष्टिकोण अपनाने का आह्वान किया। इसके साथ उन्होंने अनुभव को आज के समय में सबसे श्रेष्ठ शिक्षक बताया।

दीक्षांत समारोह में ग्राफिक एरा डीम्ड यूनिवर्सिटी के कुलपति डा. नरपिंदर सिंह और ग्राफिक एरा हिल यूनिवर्सिटी के कुलपति डा. अमित आर. भाट्ट ने डिग्री धारकों को शपथ दिलाई।

ग्राफिक एरा डीम्ड यूनिवर्सिटी के रजिस्ट्रार डा. नरेश शर्मा ने शैक्षणिक यात्रा का नेतृत्व किया। समारोह में प्रो–वाइस चांसलर डा. संतोष एस. सर्राफ, डीन इंटरनेशनल अफेयर्स डा. डी. आर. गंगोडकर समेत शिक्षक–शिक्षिकाएं, डिग्री धारकों के अभिभावक मौजूद रहे, व कुछ ऑनलाइन मोड से समारोह में जुड़े।

## अमेजन इंडिया ने प्राइम डे की घोषणा की

**देहरादून।** अमेजन इंडिया ने आज घोषणा की कि प्राइम डे 2025 भारत में पहली बार तीन दिन तक मनाया जाएगा। यह खास सेल 12 जुलाई की रात 12रू00 बजे शुरू होकर 14 जुलाई की रात 11.59 बजे तक चलेगी।

इन 72 घंटों में प्राइम मेंबर्स के लिए जबरदस्त डील्स, शानदार बचत, नई लॉन्चिंग्स और एक्सक्लूसिव एंटरटेनमेंट का मज़ा मिलेगा, और यह सब कुछ खासतौर पर प्राइम ग्राहकों के लिए तैयार किया गया है। इस बार भारत में पहली बार प्राइम मेंबर्स को 24 घंटे अतिरिक्त शॉपिंग का मौका मिलेगा, जिससे वे बड़े ब्रांड्स और छोटे व्यवसायों से समान रूप से खरीदारी कर सकेंगे।

साथ ही, प्रमुख बैंकिंग पार्टनर्स की ओर से मिलने वाले खास ऑफर्स का भी लाभ उठा सकेंगे। इस प्राइम डे पर प्राइम मेंबर्स को 400 से भी ज्यादा टॉप भारतीय और अंतरराष्ट्रीय ब्रांड्स के हजारों नए प्रोडक्ट्स की लॉन्चिंग पर एक्सक्लूसिव अर्ली एक्सेस मिलेगा।

# अवीवा इंडिया ने 'इंश्योरेंस फॉर ऑल' को लेकर जताई प्रतिबद्धता

**देहरादून (नजरिया खबर ब्यूरो)।** देहरादून में आईआरडीएआई की अध्यक्षता में हुई उत्तराखंड राज्य बीमा योजना की समीक्षा बैठक में अवीवा लाइफ इंश्योरेंस ने बीमा समावेश और समग्र कल्याण को बढ़ावा देने के अपने प्रयासों और उपलब्धियों को प्रस्तुत किया।

कंपनी ने जमीनी स्तर पर अपनी पहलों की प्रगति और प्रभाव के महत्वपूर्ण आंकड़े साझा किए।समीक्षा बैठक के दौरान चीफ जनरल मैनेजर आरके शर्मा, जनरल मैनेजर अम्मू वेंकटरमना और डिप्टी जनरल मैनेजर भास्कर तीर्थरामन समेत आईआरडीएआई के अन्य वरिष्ठ अधिकारी और क्षेत्र की प्रमुख बीमा प्रदाताओं के प्रतिनिधि उपस्थित रहे। राज्य की प्रमुख बीमा प्रदाता के रूप में अवीवा ने राज्य में अपनी योजना के तहत उठाए गए प्रमुख कदमों को सामने रखा।

इनमें पिछले साल करीब 150 अवीवा वेलनेस एडवाइजर की नियुक्ति करने, पहुंच आसान बनाने के लिए प्रत्येक ग्राम पंचायत स्तर पर जागरूकता अभियान शुरू करने और उत्तराखंड के कुछ सर्वाधिक वंचित क्षेत्रों में किफायती बीमा समाधान (इंश्योरेंस सॉल्यूशंस) उपलब्ध कराने जैसे कदम शामिल हैं। इन सभी कदमों से भारत के कोने–कोने तक बीमा की पहुंच बढ़ाने और 'इंश्योरेंस फॉर ऑल बाय 2047' ('2047 तक सभी के लिए बीमा') के आईआरडीएआई के लक्ष्य की दिशा में आगे बढ़ने को लेकर अवीवा की मजबूत प्रतिबद्धता नजर आती है।

# केंद्रीय वन व पर्यावरण मंत्री भूपेंद्र यादव करेंगे सम्मेलन का उद्घाटन

**देहरादून (नजरिया खबर ब्यूरो)।** पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय के तत्वावधान में भारतीय वन्यजीव संस्थान (डब्ल्यूआईआई), देहरादून में 25–27 जून 2025 तक भारतीय संरक्षण सम्मेलन (आईसीसीओएन 2025) का आयोजन कर रहा है।

24 जून 2025 को एक विशेष प्री–कॉन्फ्रेंस दिवस में शुरुआती करियर शोधकर्ताओं, क्षेत्र के चिकित्सकों और छात्रों के लिए डिज़ाइन की गई दस क्षमता–निर्माण कार्यशालाएँ आयोजित हुई। ये व्यावहारिक सत्र प्रजातियों की निगरानी, डेटा विश्लेषण, मानव–वन्यजीव संघर्ष प्रबंधन और वैज्ञानिक प्रकाशन जैसे विषयों पर आधारित थे। चार दिवसीय इस कार्यक्रम में भारत और वैश्विक दक्षिण से 500 से अधिक प्रतिभागी शामिल

### भारतीय वन्यजीव संस्थान भारतीय संरक्षण सम्मेलन की करेगा मेजबानी

होंगे–जिनमें वैज्ञानिक, शोधकर्ता, भारतीय वन सेवा अधिकारी, छात्र, गैर सरकारी संगठन और अंतर्राष्ट्रीय संगठन, नीति निर्माता शामिल होंगे–जो भारत की सबसे ज़रूरी जैव विविधता चुनौतियों पर चर्चा, विचार–विमर्श और समाधान को आकार देंगे। आईसीसीओएन को पहली बार 2023 में प्रोजेक्ट टाइगर के स्वर्ण जयंती समारोह के दौरान लॉन्च किया गया था, साथ ही इंटरनेशनल बिग कैट अलायंस की ऐतिहासिक घोषणा भी की गई थी। तब से, यह क्रॉस–सेक्टरल संवाद, अत्याधुनिक संरक्षण विज्ञान और युवा जुड़ाव के लिए समर्पित एक विश्वसनीय और समावेशी मंच के रूप में विकसित हुआ है। इस वर्ष के संस्करण में 17 विषयगत क्षेत्र, सैकड़ों मौखिक और त्वरित वार्ता, पोस्टर सत्र, स्पॉटलाइट व्याख्यान और 10 क्षमता निर्माण कार्यशालाएँ शामिल हैं। एक प्रमुख आकर्षण टेकब्रिज की शुरुआत है–एक ऐसा पहला वन्यजीव प्रौद्योगिकी मंच जिसे क्षेत्र अनुप्रयोग के लिए अभिनव उपकरण और समाधान दिखाने के लिए डिज़ाइन किया गया है। सम्मेलन का उद्घाटन 25 जून 2025 को माननीय पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्री द्वारा मंत्रालय और संबद्ध एजेंसियों के वरिष्ठ अधिकारियों की उपस्थिति में किया जाएगा। आईसीसीओएन 2025 छात्रों और शुरुआती करियर वाले शोधकर्ताओं के लिए सलाहकारों से जुड़ने, अपने काम का प्रदर्शन करने और अंतःविषय संवाद में शामिल होने का एक अनूठा अवसर भी है।

# टीएचडीसीआईएल ने 184 मेगावाट स्वच्छ विद्युत के लिए गुजरात सरकार के साथ समझौता ज्ञापन और पीपीए पर हस्ताक्षर किए

**ऋषिकेश (नजरिया खबर ब्यूरो)।** भारत के अक्षय ऊर्जा परिदृश्य के ऐतिहासिक विकास के क्रम में, टीएचडीसी इंडिया लिमिटेड ने उत्तराखंड में टिहरी पंप स्टोरेज प्लांट से उत्पादित 184.08 मेगावाट विद्युत की आपूर्ति के लिए गुजरात सरकार और गुजरात ऊर्जा विकास निगम लिमिटेड के साथ समझौता ज्ञापन और विद्युत क्रय समझौते (पीपीए) पर हस्ताक्षर किए।

समझौते का उद्देश्य गुजरात की पीक–ऑवर विद्युत मांग को पूरा करना एवं ग्रिड में अक्षय ऊर्जा (आरई) के बड़े पैमाने पर एकीकरण



समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर के दौरान अधिकारी।

को सक्षम बनाना है। 25 जून, 2025 को आयोजित हुआ हस्ताक्षर समारोह गुजरात सरकार के माननीय वित्त, ऊर्जा और पेट्रोकेमिकल्स मंत्री कनुभाई देसाई, गुजरात सरकार के अपर मुख्य सचिव एस.जे. हैदर, अनुपम आनंद, प्रबंध निदेशक, गुजरात ऊर्जा विकास निगम लिमिटेड, भक्ति शैमल, संयुक्त सचिव, गुजरात सरकार, आर. के. विश्नोई, अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक, टीएचडीसीआईएल, सिपन कुमार गर्ग, निदेशक (वित्त), टीएचडीसीआईएल एवं के. पी. जांगिड़, निदेशक (वित्त), गुजरात ऊर्जा विकास निगम लिमिटेड की गरिमामयी उपस्थिति में सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर श्री विश्नोई ने कहा कि यह समझौता अभिनव जलविद्युत प्रौद्योगिकियों के माध्यम से ऊर्जा परिवर्तन को आगे बढ़ाने के लिए टीएचडीसीआईएल की प्रतिबद्धता को सुदृढ़ करता है। भारत के पहले वेरिएबल स्पीड पंप स्टोरेज प्लांट के साथ, हम गुजरात राज्य को उसकी गतिशील पीक–ऑवर आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए एक विश्वसनीय और हरित ऊर्जा समाधान प्रदान कर रहे हैं। टिहरी पीएसपी टीएचडीसीआईएल की इंजीनियरिंग उत्कृष्टता और सतत ऊर्जा भविष्य के दृष्टिकोण का प्रमाण है। टीएचडीसीआईएल विद्युत उत्पादन में अभिनव और अत्याधुनिक प्रौद्योगिकियों के माध्यम से सतत ऊर्जा समाधानों को निरंतर आगे बढ़ा रहा है। टीएचडीसीआईएल का ध्यान विश्वसनीयता, लचीलेपन और भारत के स्वच्छ ऊर्जा परिवर्तन का समर्थन करने पर बना हुआ है।

# आपदाओं से निपटने को लेकर अलर्ट मोड पर रहें अधिकारी: जैन

**रुद्रप्रयाग (नजरिया खबर ब्यूरो)।** नवनियुक्त जिलाधिकारी प्रतीक जैन ने विकास भवन सभागार में अधिकारियों के साथ बैठक आयोजित कर उनके विभाग से संबंधित कार्यों की समीक्षा की।

इस दौरान डीएम ने केदारनाथ यात्रा की व्यवस्थाओं को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए यात्रा मार्ग, ठहरने की व्यवस्था, यातायात व्यवस्था, स्वास्थ्य सुविधा, साफ–सफाई, पेयजल एवं यात्रियों से जुड़ी सभी व्यवस्थाओं को दुरुस्त बनाए रखने के निर्देश दिए। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को तीर्थयात्रियों की सुरक्षा एवं अन्य सुविधा में कोई कोताही न बरतने को कहा। जिलाधिकारी ने आगामी त्रिस्तरीय पंचायत चुनावों की तैयारियों की भी समीक्षा की और संबंधित विभागों को समयबद्ध रूप से निर्वाचन संबंधी



जिलाधिकारी प्रतीक जैन बैठक लेते हुए।

दायित्वों का निर्वहन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने शांतिपूर्ण, निष्पक्ष एवं व्यवस्थित चुनाव संपन्न कराने के लिए आवश्यक संसाधनों की समयपूर्व उपलब्धता पर बल दिया। इसके अतिरिक्त, आपदा प्रबंधन के मद्देनजर जिलाधिकारी ने सभी विभागों को अलर्ट मोड में रहने के निर्देश दिए। इसके अलावा उन्होंने विभिन्न विभागों से जुड़े कार्यों की जानकारी ली तथा इस वित्तीय वर्ष में प्रस्तावित कार्यों के संबंध में सभी विभागों से जानकारी ली। उन्होंने परियोजना प्रबंधक उरेड़ा को निर्देशित किया कि वह जनपद के जिन सरकारी कार्यालय एवं भवनों में सोलर पैनल स्थापित किए गए हैं उनकी विस्तृत रिपोर्ट आगामी 10 जुलाई तक उपलब्ध कराएं। उन्होंने अगस्त्यमुनि में निर्माणाधीन खेल मैदान के निर्माण संबंधी जानकारियां भी संबंधी अधिकारियों से ली। जिलाधिकारी ने सभी अधिकारियों से आग्रह किया कि वह आम जनमानस, स्थानीय जनप्रतिनिधियों से निरंतर वार्ता कर आपसी समन्वय बनाकर कार्यों को समयबद्ध तरीके से पूर्ण करें। उन्होंने सभी अधिकारियों को आमजन मानस के साथ निरंतर संपर्क बनाए रखने के महत्वपूर्ण निर्देश दिए। उन्होंने जोर देकर कहा कि जनता की समस्याओं को समझने और उनका त्वरित निवारण करने के लिए यह संपर्क अत्यंत आवश्यक है।

जिलाधिकारी ने स्पष्ट किया कि वे अपने निर्धारित कार्यालय समय के अतिरिक्त भी जनता से जुड़ने के लिए समय निकालें तथा वह फील्ड विजिट, जन चौपाल, और ग्राम सभाओं में जाकर सक्रिय भागीदारी के माध्यम से सीधे लोगों से मिलकर उनकी वास्तविक समस्याओं से अवगत होंगे।

## टोयोटा अर्बन क्रूजर हाइराइडर वीक की शुरुआत की

**देहरादून।** टोयोटा किर्लोस्कर मोटर ने टोयोटा अर्बन क्रूजर हाइराइडर वीक की शुरुआत की। उत्तरी क्षेत्र में यह एक अनूठा ग्राहक जुड़ाव अभियान है।

इसके जरिये कंपनी ने बेजोड़ मोबिलिटी अनुभव प्रदान करने की अपनी प्रतिबद्धता को मजबूत किया है। सप्ताह भर चलने वाला यह अभियान टोयोटा अर्बन क्रूजर हाइराइडर की सफलता का जश्न मनाने के लिए है। इससे ग्राहकों को भारत की पहली मजबूत हाइब्रिड इलेक्ट्रिक एसयूवी को करीब से देखने और आकर्षक पुरस्कार जीतने का मौका मिलेगा है। उच्च विनिर्देशनों वाला इसका रूपांतर पैनोरमिक सनरूफ, वेंटिलेटेड फ्रंट सीट्स, आठ तरह से पावर–एडजस्ट करने योग्य ड्राइवर सीट और एक इलेक्ट्रॉनिक पार्किंग ब्रेक (ईपीबी) से युक्त है।

# उत्तराखंड में पिछले 48 घंटे में 6 बड़े हादसे, 8 लोगों की मौत, 13 घायल

**देहरादून (नजरिया खबर ब्यूरो)।** उत्तराखंड में पिछले 48 घंटे कई दर्दनाक हादसों से होकर गुजरे हैं। इस हादसों में 8 लोगों की मौत जबकि 13 लोग घायल हो गए हैं। मरने वालों में एक छोटी बच्ची भी शामिल है। इन हादसों में प्राकृतिक आपदाओं के साथ ही मानवीय लापरवाही भी मौजूद है।

उत्तराखंड में मॉनसून दस्तक देने वाला है। लेकिन मॉनसून से पहले ही पर्वतीय क्षेत्रों में भूस्खलन और बोल्डर गिरने की घटनाएं दर्ज होने से डर सताने लगा है। ऐसे में मॉनसून के दौरान चारधाम यात्रा में आने वाले श्रद्धालुओं की सुरक्षा शासन प्रशासन के लिए चुनौती बन सकती है। उत्तरकाशी के यमुनोत्री पैदल मार्ग पर नौ कैंची के पास भारी लैंडस्लाइड हो गया। इस हादसे में कुछ यात्रियों के मलबे में दबे होने की आशंका है। फिलहाल मौके पर रेस्क्यू ऑपरेशन जारी है। घटना स्थल से एक बच्ची का शव बरामद कर लिया गया है। जबकि एक घायल श्रद्धालुओं को उपचार के लिए अस्पताल भेजा गया है।

सोमवार को चमोली के बदरीनाथ हाईवे के पातालगंगा के पास हादसा हुआ। जहां बदरीनाथ दर्शन कर लौट रहे श्रद्धालुओं की कार के ऊपर बोल्डर गिरे। इस हादसे में एक महिला श्रद्धालु की मौत हो गई। जबकि एक पुरुष और एक बच्चा घायल हो गए।

## ओप्पो ने लॉन्च किया के13 एक्स 5जी सबसे टफ और ड्यूरेबल स्मार्टफोन

**देहरादून।** ओप्पो इंडिया ने अपने सेगमेंट में सबसे मज़बूत 5जी स्मार्टफोन ओप्पो के 13एक्स 5जी पेश किया है। यह बिना किसी समझौते के ड्यूरेबिलिटी और ऑल–राउंड फंक्शनैलिटी पसंद करने वाले युवा विद्यार्थियों और प्रोफेशनल्स के लिए बनाया गया है।

के13गुणा5 जी एसजीएस मजबूती के लिए गोल्ड ड्रॉप सर्टिफिकेशन और एमआईएल–एसटीडी 810एच मिलिट्री–ग्रेड मानकों के साथ आता है। इसलिए यह अपने सेगमेंट में सबसे अधिक मजबूत डिवाइस है। इसमें 360 डिग्री डैमेज–प्रूफ आर्मर बॉडी है, जो एयरोस्पेस–ग्रेड एएम04 एल्युमिनियम एलॉय से बनी है।

## न्यूज डायरी

### चमोली में स्थानांतरण पर दी फार्मासिस्ट कुलदीप गुसांई को ग्रामीणों ने विदाई



**चमोली।** विकासखंड पोखरी के उडामांडा एएनएम सेंटर में 19 वर्षो से तैनात फार्मासिस्ट कुलदीप गुसांई को स्थानीय लोगो ने जोरदार विदाई दी है। सामाजिक कार्यकर्ता हरीश खाली ने कहा कि फार्मासिस्ट गुसांई की सेवाओ व कार्यकुशलता के चलते क्षेत्र की जनता को कभी भी उपचार के लिए अन्यत्र नही जाना पड़ा। उन्होने कहा कि उनके जाने के बाद इनकी कमी बहुत ही महसूस होगी। कहा कि मरीजों के प्रति गुसांई का इतना लगाव था कि यदि सेंटर में जो दवाई नही होती थी तो वे अपने पैसे से बाजार से दवाई लाते थे। और साथ ही मरीज को फल फ्रूट्स भी देते थे। ग्राम पंचायत सिनांऊ तल्ला – मल्ला के निवर्तमान प्रधान त्रिलोक सिंह ने कहा कि सरकार के निर्देशानुसार एनएनएम सेंटरों में अब फार्मासिस्ट नही रहेगे।

# शिक्षा और स्वास्थ्य पर होगा विशेष फोकस: जिलाधिकारी

**रुद्रप्रयाग (नजरिया खबर ब्यूरो)।** नवनियुक्त डीएम प्रीतक जैन ने कहा कि शिक्षा और स्वास्थ्य उनकी प्राथमिकता होगी। साथ ही जनता की समस्याओं का त्वरित समाधान होगा। कहा कि मेरा स्वभाव है कि जनता से जुड़ा रहूं। इसलिए जनता से लगातार तालमेल बनाने का प्रयास किया जाएगा। केदारनाथ यात्रा पर आ रहे भक्तों की हरसंभव मदद की जाएगी। उन्हें कोई भी परेशानी नहीं होने दी जाएगी।

एनआईसी कक्ष में आयोजित पत्रकार वार्ता में नवनियुक्त जिलाधिकारी ने कहा कि जनता की जीवन शैली को कैसे बेहतर बनाएं, इस पर काम किया जाएगा। पहाड़ी जनपद में शिक्षा और



पत्रकार वार्ता के दौरान डीएम।

स्वास्थ्य सदैव प्राथमिकता रहनी चाहिए। गांव–गांव से बच्चे समय पर स्कूल पहुंचे, उन्हें मार्ग में किसी तरह दिक्कतें न हो। इस पर विशेष फोकस रहेगा। कहा कि पहाड़ी क्षेत्रों में अच्छी स्वास्थ्य सेवाएं लोगों को मिले, इसके लिए समुचित प्रयास किया जाएगा। जनपद में एक अच्छा इंफ्रास्टाक्चर होना चाहिए, ताकि समाज के हर प्रकार के लोगों को लाभ मिल सके। जिलाधिकारी प्रतीक जैन ने कहा कि साल दर साल केदारनाथ यात्रा में यात्रियों की संख्या बढ़ रही है। ऐसे में पुल, टर्नल, सड़कें अच्छी हों, इसके लिए प्रयास किए जाएंगे। लोनिवि, जल संस्थान, एनएच आदि विभागों से समन्वय बनाते हुए निरंतर मॉनीटरिंग की जाएगी। कहा कि मानसूनी सत्र शुरू हो गया है। ऐसे में केदारनाथ यात्रा के साथ–साथ आपदाओं की संभावनाएं भी बनी रहती है। इसलिए यात्रियों की सुरक्षा पर विशेष ध्यान दिया जाएगा।

## पेज 01 का शेष...

### आपातकाल लागू करना लोकतंत्र को नष्ट करने के लिए भूकंप से कम नहीं था : उपराष्ट्रपति

और इसलिए, कृपया आगे बढ़िए। एक कॉर्पोरेट उत्पाद की टैगलाइन है जिसे आप जानते होंगे कृ 'श्रनेज कव पज'। क्या मैं सही हूँ? मैं उसमें एक और जोड़ना चाहूँगा कृ 'क्व पज दवू'। पूर्व छात्रों (।सनउदप) और उनके योगदान के महत्त्व को रेखांकित करते हुए धनखड़ ने कहा, "पिछले 50 वर्षों में आपके पास बड़ी संख्या में पूर्व छात्र हैं... किसी संस्थान के पूर्व छात्र उसके लिए अत्यंत महत्वपूर्ण घटक होते हैं। आप सोशल मीडिया या गूगल पर देखिए कृ कई विकसित देशों के संस्थानों के पास 10 अरब डॉलर से अधिक का पूर्व छात्र फंड है। किसी के पास तो 50 अरब डॉलर से अधिक का भी है। यह कोई एक बार में नहीं आता, यह बूंद–बूंद से जमा होता है। मैं उदाहरण दूँ कृ यदि इस महान संस्थान के 1,00,000 पूर्व छात्र हर साल केवल ₹10,000 का योगदान करें, तो सालाना राशि 100 करोड़ रुपये होगी... और सोचिए अगर यह हर साल होता रहे, तो आपको कहीं और देखने की आवश्यकता नहीं होगी। आप आत्मनिर्भर होंगे। यह आपको संतोष देगा। साथ ही, पूर्व छात्र अपने अल्मा मेटर से जुड़ सकेंगे। वे आपको मार्गदर्शन देंगे कृ वो आपको संभालेंगे।

स्वत्वाधिकारी नजरिया खबर के लिए स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक गीता जायसवाल द्वारा श्रेष्ठा प्रिन्टर्स, वार्ड नं.03,पो.ओ. लालकुंआ जिला–नैनीताल, उत्तराखण्ड से मुद्रित तथा 14–डी मीडो प्लाजा, प्रथम तल राजपुर रोड देहरादून, उत्तराखंड से प्रकाशित सम्पादक : विजय जायसवाल फोन नं. – 0135&2740930, 9837027458 RNI NO: UTTHIN/2008/25052 प्रकाशन सम्बन्धी सभी विवादों का निस्तारण सिर्फ देहरादून न्यायालय होगा। E-mail: nazariakhabar@gmail.com
Website : www.nazariyakhabar.com
डाक पंजीयन : UA/DO/DDN/402/2017-19